10 शुभमन गिल....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 अंजली आनंद...



रांची, सोमवार, 13 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -27 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## हैदराबाद से चलेगी तीन बुलेट ट्रेन, हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़ेंगे ये शहर, रेल मंत्री ने की घोषणा

**एजेंसी**




**हैदराबाद।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 'विकसित भारत-2047 में टेक्नोलॉजी की भूमिका' कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया. इस मौके पर वैष्णव ने हैदराबाद को हाई-स्पीड रेल हब के तौर पर विकसित करने की योजना की घोषणा की, जिसमें शहर को पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु से जोड़ने के लिए बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का प्रस्ताव है. मंत्री ने कहा, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद को तीन हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन कॉरिडोर दिए हैं, जो इसका दृश्य बदल देंगे. पुणे से हैदराबाद, हैदराबाद से चेन्नई और हैदराबाद से बेंगलुरु - यह पूरे इलाके के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर बनेगा. हैदराबाद हाई-स्पीड हब बन जाएगा. इससे बहुत अधिक विकास होगा, और इस पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से जुड़ जाएगी.₹ रेल मंत्री ने कहा कि हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु को जोड़ने वाली बुलेट ट्रेनें आ रही हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र ने तेलंगाना के लिए रेलवे बजट में काफी बढ़ोतरी की है. 7 नए मंजूर बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में से तीन तेलंगाना को दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन अगले साल शुरू हो जाएगी. वैष्णव ने कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन अपने अगले चैप्टर में प्रवेश कर रही है. अगले साल से, निमार्णाधीन मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर सूरत-बिलिमोरा खंड से शुरू होकर चरणबद्ध तरीके से खुलेगा. वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार ने तेलंगाना में चार इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज को मंजूरी दी है. अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनीति से परे देश के व्यापक विकास के लिए विजन के साथ काम कर रहे हैं.

### तेलंगाना के लिए 5,000 करोड़ रुपये का बजट

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली पूर्ववर्ती वढअ सरकार का संयुक्त आंध्र प्रदेश (तेलंगाना राज्य के गठन से पहले) के लिए रेलवे बजट सिर्फ 880 करोड़ रुपये था, जबकि मोदी सरकार अकेले तेलंगाना पर 5,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है. उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि देश भर में 1,300 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम शुरू किया गया है. वैष्णव ने कहा कि 260 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण पहले ही पूरा हो चुका है. इसके तहत तेलंगाना में 40 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए फंड दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद, नामपल्ली और काजीपेट रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम तेजी से चल रहा है. रेल मंत्री ने कहा, ₹सबसे ज्यादा बुलेट ट्रेनें हैदराबाद-चेन्नई, हैदराबाद-अमरावती, हैदराबाद-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु, बेंगलुरु-चेन्नई रूट पर आएंगी. इस तरह के बदलाव से हमारे राज्यों की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में रेलवे विकास बजट में बहुत बढ़ोतरी की है. पिछली UPA सरकार के दौरान, आंध्र प्रदेश का कुल रेलवे बजट सिर्फ 880 करोड़ रुपये था. लेकिन आज, अकेले तेलंगाना राज्य को 5,454 करोड़ रुपये का बजट मिल रहा है.

## जानिक सिनर ने रचा इतिहास, लगातार दो विंबलडन खिताब जीतने वाले पहले इटैलियन खिलाड़ी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** विंबलडन 2026 के पुरुष सिंगल्स फाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने इतिहास रच दिया। इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया और नया रिकॉर्ड कायम किया। लंदन के सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेले गए विंबलडन 2026 पुरुष सिंगल्स फाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने शानदार वापसी करते हुए जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया। करीब 3 घंटे 46 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त खेल दिखाया और अगले तीन सेट जीतकर इतिहास रच दिया। 24 वर्षीय इटैलियन स्टार ने मैच के दौरान धैर्य, आक्रामकता और मानसिक मजबूती का बेहतरीन प्रदर्शन किया। चौथे सेट में 6-4 की जीत के साथ ही उन्होंने अपना खिताब बचाया और सेंटर कोर्ट की घास पर गिरकर अपनी खुशी का इजहार किया। फाइनल की शुरूआत बेहद कड़ी टक्कर के साथ हुई। पहला सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा, जहां ज्वेरेव ने 7-6(7) से बाजी मारकर बढ़त बना ली। हालांकि इसके बाद सिनर ने अपनी लय हासिल कर ली। दूसरे सेट का टाईब्रेकर उन्होंने 7-6(2) से जीता और मैच में बराबरी कर ली। तीसरे सेट में सिनर ने अपने दमदार ग्राउंडस्ट्रोक्स और सटीक सर्विस के दम पर 6-3 से जीत दर्ज की। चौथे सेट में भी उन्होंने दबाव बनाए रखा और 6-4 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## खूंटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची/खूंटीः** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के खिलाफ खूंटी पुलिस को लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही हैं. संगठन के विस्तार में जुटे उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने पीएलएफआई के एक और सक्रिय सदस्य राजेंद्र साहू उर्फ राजेंद्र साव उर्फ मास्टर को गिरफ्तार किया है. खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि राजेंद्र साव जो जिले के कई कांडों में वांछित है, मुरहू थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव गम्हरिया में मौजूद है. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ऋषभ गर्ग ने तोरपा डीएसपी विजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया. इसमें तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार और तोरपा सशस्त्र बल को शामिल किया गया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने वांछित उग्रवादी राजेंद्र साव को एक देसी पिस्तौल और चार जिंदा गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया. गौरतलब है कि पुलिस पिछले कुछ समय से पीएलएफआई के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए है. इसी क्रम में दो सप्ताह पूर्व पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठन के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया था. 21 जून को एरिया कमांडर बताने वाले श्रवण दास उर्फ फागुवा को एक मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया था. उसके दस्ते के अन्य सदस्यों सुदर्शन सोय उर्फ सुधीर उर्फ सोना सोय, सलीम बोदरा उर्फ रोडे, श्रवण दास उर्फ फगुआ दास, सामु डोडराय, विष्णु मांझी उर्फ एडी, हर्षित गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन और उमर खान उर्फ नील खान को भी गिरफ्तार किया गया था. एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि राजेंद्र साव पूर्व में गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों का सक्रिय सहयोगी रहा है और संगठन को पुनः खड़ा करने का प्रयास कर रहा था. उसकी गिरफ्तारी से पीएलएफआई की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में हमें बड़ी सफलता मिली है. उल्लेखनीय है कि राजेंद्र साव पर मुरहू, तोरपा, कर्रा और खूंटी थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

## रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया की तैयारी, 15 अगस्त को 25 हजार पदों पर बहाली की होगी घोषणा

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया की तैयारी शुरू कर दी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद सभी विभागों से रिक्तियों का अद्यतन ब्योरा जुटाया जा रहा है, ताकि चरणबद्ध तरीके से नियुक्तियां सुनिश्चित की जा सकें. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग 25 हजार नियुक्तियों की घोषणा की जायेगी. सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य के विभिन्न विभागों में कुल 3,51,968 स्वीकृत नियमित पद हैं. इनमें से 1,87,610 पदों पर ही कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि बड़ी संख्या में पद अब भी खाली हैं. सर्वाधिक रिक्तियां शिक्षा, स्वास्थ्य और गृह विभाग में बताई जा रही हैं. सरकार ने स्पष्ट किया है कि पहले से विज्ञापित पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी. इसके लिए जेपीएससी और जेएसएससी को लंबित परीक्षाएं एवं चयन प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही जिन विभागों से नई रिक्तियों की अधियाचना प्राप्त होगी, उन पर भी शीघ्र कार्रवाई की जाएगी. आगामी नियुक्तियों में सरकारी विद्यालयों के लिए सहायक शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सक, नर्सिंग एवं अन्य मेडिकल स्टाफ, तथा सड़क, पुल और पुलिया निर्माण कार्यों के लिए अभियंता एवं तकनीकी कर्मियों सहित विभिन्न श्रेणियों के पद शामिल होंग. यदि प्रक्रिया तय समय पर आगे बढ़ी, तो स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग 25 हजार नियुक्तियों की घोषणा या नियुक्ति पत्र वितरण की संभावना जताई जा रही है.

### सीएम के निर्देश के बाद बढ़ी रफ्तार

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य सरकारी विभागों में मानव संसाधन की कमी को दूर करना है. उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 40 हजार से अधिक नियुक्तियां की जा चुकी हैं और अब शेष रिक्त पदों को भी तेजी से भरने की दिशा में काम हो रहा है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह, इंजीनियरिंग तथा अन्य सभी विभागों में स्वीकृत पदों के अनुरूप रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया तेज की जा रही है. इसके लिए संबंधित आयोगों को लंबित भर्ती प्रक्रियाओं का शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्री धनंजय कुमार पुटूस**
**सांसद प्रतिनिधि रामगढ़ विधानसभा**

**एक सभ्य समाज की पहचान उसकी इमारतों से नहीं, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों और बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करता है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,569.39**
निफ्टी :- **24,206.90**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **31°**
न्यूनतम तापमान : **24°**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:11**
संध्या :- **18:38**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 2026 को कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी के निधन पर भारत सरकार द्वारा एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई।**

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का मानसून सत्र 20 से, मोदी सरकार ने 19 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नयी दिल्ली।** संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है. खबर है कि इससे पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है. बैठक 19 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे होगी, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस बैठक में मोदी सरकार संसद के दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की याचना करेगी. मॉनसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा. चार सप्ताह के मानसून सत्र के दौरान 19 बैठकें होने की बात सामने आयी है. मानसून सत्र में कई अहम बिल पेश होने और उन पर चर्चा होने की उम्मीद है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने राजनीतिक दलों के नेताओं को इस बैठक शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है. संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस बैठक में शामिल होंगे खबर है कि मॉनसून सत्र की तैयारियों को लेकर संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ एल मुरुगन ने भारत सरकार के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम बैठक की है.

### बिजली अलर्ट : रांची के इन इलाकों में 5 घंटे का रहेगा पावरकट

**रांची।** रांची के विभिन्न इलाकों में बिजली मेंटेनेंस के कारण सोमवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. बिजली सप्लाई बंद होने के कारण प्रभावित इलाके के रहवासी समय पर जरूरी कार्य निपटा लें. बिजली मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी जाएगी. सुबह 8 बजे से दिन के 12 बजे तक महिलोंग, फातरु टोली, बड़कुम्बा, होरहाप, जारा टोली, भगत टोली, सरला बिड़ला, सेनेटोरियम, आरा गेट, बादाम, छोटा कवाली, एक्स, आर्मी कॉलोनी, एटीसी पत्र टोली, सराय टोली, हरातू, जाप 2, चतरा, गणपति पावर, रामकृपाल कॉन्ट्रैक्शन प्रा.वि., पारलीवाल इंडस्ट्रीज, सिद्धाटोली, ढिपाटोली एवं इसके आसपास का क्षेत्रों में पावरकट रहेगा.










# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रामगढ़** ।विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 मानविकी (Humanities) के विद्यार्थियों ने सभा का सफल संचालन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रार्थना से की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व, जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों तथा सतत विकास के लिए जनसंख्या संतुलन की आवश्यकता पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण एवं जागरूकता से जुड़े प्रेरक नारों का सामूहिक उद्घोष कर सभी को इस वैश्विक विषय पर संवेदनशील बनने का संदेश दिया ।गणित विषय के विद्यार्थियों ने जनसंख्या संबंधी आँकड़ों को आकर्षक Visual Statistics Presentation के माध्यम से प्रस्तुत किया। विभिन्न ग्राफ, चार्ट एवं सांख्यिकीय तथ्यों के माध्यम से उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के प्रभावों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया, जिसकी सभी ने सराहना की ।कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह का प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या केवल एक संख्या नहीं, बल्कि संसाधनों, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़ी गंभीर चुनौती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने तथा समाज में जनसंख्या संतुलन के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया। इसी अवसर पर कक्षा 11 विज्ञान अल्फा एवं कक्षा 11 विज्ञान ब्रेवो के विद्यार्थियों के मध्य बढ़ती जनसंख्या : विकास के लिए चुनौती या अवसर विषय पर एक प्रभावशाली वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं विज्ञान अल्फा के गौरव चटर्जी, उज्जवल झा, अनन्या कृष्णा तथा अंजनी कुमारी ने भाग लिया। वहीं विपक्ष में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान ब्रेवो से ओम कुमार मिश्र, रूद्र कुमार,हाफिज अंसारी एवं दीप ज्योति ने भाग लिया। जीव विज्ञान शिक्षक रामदास डे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रभावशाली तर्कझवितर्क के द्वारा कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान अल्फा के विद्यार्थियों ने बाजी मारी ।प्रतिभागियों ने अपने तर्कों, तथ्यों एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से विषय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान अल्फा की भैरवी राज एवं मुबशिरा नाज ने किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस सार्थक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, जागरूकता एवं समसामयिक विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य–सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## इनर व्हील क्लब ने बीमारियों के रोकथाम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़** ।वर्षा ऋतु के दौरान जल जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब रामगढ़ के द्वारा एक स्वस्थ अभियान चलाया गया इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कुआं एवं नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया ।इस पहल का उद्देश्य बारिश के कारण जल से होने वाले संक्रमण दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप को कम करना है जिससे डेंगू मलेरिया टाइफाइड और हिजाब जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से विभिन्न स्थानों पर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और आम जब आम जनों को सफल साफ सफाई के प्रति जागरूक किया इनर व्हील क्लब प्रतिवर्ष ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करती है ताकि समाज को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जा सके मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर,प्रियंका जैन, मधु अग्रवाल,रंजू अरोड़ा, नीरू साहनी, जसमीत सोनी,गुरबक्स सैनी आदि सदस्या मौजूद थी

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**संतुलित जनसंख्या ही सशक्त राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है:सचिव प्रियंका कुमारी**




**रामगढ़** । शुक्रवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना, बढ़ती आबादी , परिवार नियोजन , गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को विश्व जनसंख्या दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि जनसंख्या दिवस हमें जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूक होने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सतत विकास को बढ़ावा देने का संदेश देता है ।सचिव प्रियंका कुमारी ने बताया कि एक शिक्षित परिवार, स्वस्थ समाज और जागरूक नागरिक ही देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं। विश्व जनसंख्या दिवस पर आइए, मिलकर ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लें जहाँ हर व्यक्ति को बेहतर अवसर मिलें ।इस अवसर पर कुलपति प्रो ( डॉ)रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो ( डॉ) अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप हार्दिक बधाई दिए ।कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश ने किया ।विभाग के व्याख्याता डॉ अपराजिता सोनी और श्याम महतो ने बच्चो के बीच जनसंख्या नियंत्रण और बढ़ती आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए कई ज्ञानवर्धक बातें और जानकारी साझा की ।विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया ।मौके पर विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पतरातू में ट्रक एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक सम्पन्न, समस्या का समाधान न होने पर शांतिपूर्ण आंदोलन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**





**पतरातू:** पतरातू में ट्रक एसोशिएशन पतरातू इकाई की अहम बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता आनंद कुमार ओझा तथा संचालन सूरज साव द्वारा किया। बैठक में सभी सदस्यों की सर्व सम्मति से कई निर्णय लिये गये साथ ही खेद व्यक्त किया गया कि हमारी समस्याओं का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। हमारी मुख्य समस्या है कि जब जिला प्रशासन बालू का स्टॉक चालन संचालित करने की अनुमति दे दी गई है फिर भी संचालन क्यों नहीं हो रहा है। हम सभी गाड़ी मालिकों द्वारा सरकार के सभी दिशा निदेर्शों का पालन नियम पूरक किया जा रहा है। हम सभी सरकार के निदेर्शानुसार माइनिंग चालन से लेकर अंडर लोडिंग गाड़ी चलाने को तैयार हैं। बैठक में जोर देकर क्षेत्र के सभी गाड़ी मालिकों से अनुरोध भी किया गया कि कोई भी अपनी गाड़ी में ओभर लोडिंग परिचालन न करें, साथ ही यह भी अनुरोध किया गया जितने भी एट गाड़ियां है सभी लोग 2000 ईंटों का परिचालन करें। बैठक में यह खेद व्यक्त किया गया कि बिहार राज्य से बालू आने से हमारे लोकल क्षेत्र के गाड़ी मालिकों के बीच बेरोजगारी उत्पन्न हो गई है ।जब हमारे क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में बालू का भंडारण है तो फिर अपने क्षेत्र से ही बालू का परिचालन करेंगे। अंत में बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि हम ट्रक एसोसिएशन के सभी सदस्य शांति पूर्वक पतरातू सी ओ पतरातू, रामगढ़ जिला माइनिंग डी एम ओ रामगढ़, डी सी रामगढ़ से आग्रह करते है कि हमारी समस्याओं को देखते हुए इस पर संज्ञान लें ।और हमारी समस्याओं का समाधान निकाले। अन्यथा बाध्य होकर हम ट्रक एसोसिएशन के ज्यादा से ज्यादा सदस्य शांति पूर्वक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू ट्रक एसोसिएशन के सदस्यों में आनंद कुमार ओझा, सूरज साव,बबलू यादव,संजय कुमार, चमचम, संजय रजक, पिंटू सिंह, मिथलेश सिंह, रंजीत यादव,वीरेंद्र साहू,सूरज जायसवाल ,सूरज कुमार, ,प्रकाश भोक्ता,संजय कुमार महतो,प्रभात जायसवाल, लाल साहू सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## भंडरा के बड़ागाईं पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, हत्या के पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**लोहरदगा:** भंडरा प्रखंड के बड़ागाईं गांव निवासी अरुण कुमार राणा एवं नेहा कुमारी की नृशंस हत्या की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, अनुसूचित जनजाति नेता पवन तिग्गा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचन्द्र गिरि, रमेश राणा, राजन राणा, पंचायत की मुखिया कैली उरांव तथा अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने मृतक अरुण कुमार राणा के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने करंज थाना प्रभारी से फोन पर घटना की जानकारी ली और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उल्लेखनीय है कि भंडरा प्रखंड के बड़ागाईं निवासी प्रकाश राम उस्ताद के पुत्र अरुण कुमार राणा तथा भोला ठाकुर की पुत्री नेहा कुमारी गुरुवार को मोटरसाइकिल से खूंटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तजना नदी के समीप अज्ञात अपराधियों ने दोनों की नृशंस हत्या कर दी। मामले की प्रारंभिक जांच करंज थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

# भजनों और झांकियों ने बांधा समां श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के छठे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**आज महापूणार्हुति व कल भंडारा**



**रामगढ़/गोला।** चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की सजीव झांकियों, भजनों और प्रवचनों से वातावरण गूंज गया। पूरा मंदिर प्रक्षेत्र राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ। यजमान के रूप में कुंवर कुमार बक्सी एवं उनकी धर्मपत्नी मधु बक्सी ने विधिवत पूजा-अर्चना की। सेवा सदन की संचालिका वंदना अम्बष्ट भी पूजा में शामिल हुईं। पुरोहित कृष्ण वल्लभ पाठक, उपेंद्र इंद्र गुरु, भास्कर उपाध्याय एवं अमरेंद्र गुरु ने अनुष्ठान संपन्न कराया। संध्या में वृंदावन धाम से पधारे प्रख्यात कथावाचक आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण एवं विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी के दिव्य विवाह का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और समर्पण प्रत्येक भक्त के लिए आदर्श है। वृंदावन से आई भजन मंडली के धनंजय दास, मोहित कुमार एवं आकाश जी ने मधुर भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा कथा पंडाल कृष्णमय हो गया। इस अवसर पर रेखा चौधरी, गोपी प्रसाद, सनत सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, प्रदीप चंद्र लाला, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, जनार्दन पाठक, सुशील बुधिया, विकास मणि पाठक, विशाल पाठक, सतीश पाठक, मनोज पोद्दार, रमेश प्रसाद, रेखा सिन्हा, अंजला मिश्रा, बेबी अग्रवाल, रेनू देवी, रेनू ओझा, अक्षय अग्रवाल, सरयू महतो, मनीष कुमार, सदानंद प्रमाणिक, टोपन महतो, रजनीश आनंद, सुचाँद, राजनाथ महतो सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

**आज महापूणार्हुति, कल भंडारा**

सेवा सदन की संचालिका वंदना अम्बष्ट ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. अजित कुमार की प्रेरणा एवं संकल्प के अनुरूप श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का सोमवार को महापूणार्हुति के साथ समापन होगा। दूसरे दिन 14 जुलाई को श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर स्थापना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह वार्षिकोत्सव सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रेरणादायी है। इसे सफल बनाने में कुंवर कुमार बक्सी, मधु बक्सी, अरुण कुमार बक्सी, सुजाता बक्सी सहित चित्तरंजन सेवा सदन के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मौजूद थे।

## सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिग बच्ची लापता, पिता ने पुलिस से लगाई सकुशल बरामदगी की गुहार

**लोहरदगा**: जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो गांव से एक नाबालिग बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है। बच्ची का काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर उसके पिता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर पुलिस से सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है ।जानकारी के अनुसार, पतलो निवासी एतवा कुजूर के पुत्र मनोज कुजूर ने थाना को दिए आवेदन में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री मनिता कुजूर 6 जुलाई 2026 की सुबह से घर से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका ।इसके बाद पिता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करने और बच्ची की सकुशल बरामदगी की मांग की है ।थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल सेन्हा थाना या उसके परिजनों को सूचित करें, ताकि बच्ची को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

## बरही के पास दो बाइकों की भीषण टक्कर, दो युवक गंभीर; 108 एंबुलेंस की तत्परता से बची जान

**लोहरदगा:** सदर थाना क्षेत्र के बरही के समीप शनिवार देर शाम दो बाइकों के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। समय पर 108 एंबुलेंस के पहुंचने से दोनों घायलों को तत्काल इलाज मिल सका, जिससे उनकी जान बच गई। घायलों की पहचान 20 वर्षीय मंगल सहाय उरांव, पिता भोला उरांव, निवासी बिजवाली (सदर थाना) तथा 18 वर्षीय बसंत उरांव, पिता घूरती उरांव, निवासी भजनिया (सदर थाना) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सदर अस्पताल, लोहरदगा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए शनिवार शाम करीब 7:30 बजे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। उल्लेखनीय है कि सदर अस्पताल से भी वही 108 एंबुलेंस दोनों घायलों को बिना विलंब रिम्स लेकर पहुंची। घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। रविवार सुबह करीब 9 बजे घायल बसंत उरांव की मां ने बताया कि दुर्घटना के बाद उनके बेटे की हालत बेहद गंभीर थी। उसे लगातार उल्टियां हो रही थीं और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि 108 एंबुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंचती और फिर सदर अस्पताल से भी समय पर रिम्स नहीं ले जाती, तो बेटे की जान बचाना मुश्किल हो सकता था। उन्होंने एंबुलेंस कर्मियों और चिकित्सकों की तत्परता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिले इलाज की वजह से आज उनके बेटे की जान बच सकी।

## लोहरदगा में भाजपा जिला समिति की मासिक बैठक संपन्न, संगठनात्मक कार्यों की हुई समीक्षा




**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला समिति की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री मनीर उरांव शामिल हुए। इस दौरान गत माह के संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी माह की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने जिले में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं और प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध, निष्ठापूर्वक और कर्मठता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने डिजिटल लर्निंग अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम और 'मन की बात' के आयोजन को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यों के लिए सभी कार्यकताओं को अपने व्यक्तिगत समय में से कुछ समय पार्टी को भी देना होगा। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव ने संगठन द्वारा निर्धारित संपर्क अभियान, शक्ति केंद्रों की बैठकों और 'मन की बात' कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। जिला महामंत्री पशुपति पारस ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक के अंत में जिला महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, राजीव रंजन, कलावती देवी, जगनंदन पौराणिक, बजरंग उरांव, जिला मंत्री संजय चौधरी, मीना बाखला, जिला मीडिया प्रभारी रामचन्द्र गिरि, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदुम्न पाठक, कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा, लोहरदगा मंडल अध्यक्ष संगीता कुमारी, किस्को मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा, कुडू (पश्चिमी) मंडल अध्यक्ष बुद्धन देवी, कुडू (पूर्वी) मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी, लोहरदगा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, अनुसूचित जनजाति नेता पवन तिग्गा, भंडरा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर उरांव, रंजीत यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भंडरा के बड़ागाईं पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, हत्या के पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना



**लोहरदगा:** भंडरा प्रखंड के बड़ागाईं गांव निवासी अरुण कुमार राणा एवं नेहा कुमारी की नृशंस हत्या की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, अनुसूचित जनजाति नेता पवन तिग्गा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचन्द्र गिरि, रमेश राणा, राजन राणा, पंचायत की मुखिया कैली उरांव तथा अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे ।भाजपा नेताओं ने मृतक अरुण कुमार राणा के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया ।इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने करंज थाना प्रभारी से फोन पर घटना की जानकारी ली और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की ।उल्लेखनीय है कि भंडरा प्रखंड के बड़ागाईं निवासी प्रकाश राम उस्ताद के पुत्र अरुण कुमार राणा तथा भोला ठाकुर की पुत्री नेहा कुमारी गुरुवार को मोटरसाइकिल से खूंटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तजना नदी के समीप अज्ञात अपराधियों ने दोनों की नृशंस हत्या कर दी। मामले की प्रारंभिक जांच करंज थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

## सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिग बच्ची लापता, पिता ने पुलिस से लगाई सकुशल बरामदगी की गुहार



**लोहरदगा:** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो गांव से एक नाबालिग बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है। बच्ची का काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर उसके पिता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर पुलिस से सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है ।जानकारी के अनुसार, पतलो निवासी एतवा कुजूर के पुत्र मनोज कुजूर ने थाना को दिए आवेदन में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री मनिता कुजूर 6 जुलाई 2026 की सुबह से घर से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका ।इसके बाद पिता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करने और बच्ची की सकुशल बरामदगी की मांग की है ।थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल सेन्हा थाना या उसके परिजनों को सूचित करें, ताकि बच्ची को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

# पंडरा में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बनेगा स्थायी बाजार, सांसद संजय सेठ और मेयर रोशनी खलखो ने किया स्थल निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** राजधानी रांची के पंडरा क्षेत्र में वर्षों से सड़क किनारे दुकानें लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को जल्द ही स्थायी और सुव्यवस्थित बाजार की सौगात मिल सकती है. इस दिशा में पहल करते हुए रविवार को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ और रांची की महापौर रोशनी खलखो ने संयुक्त रूप से संभावित स्थलों का निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ स्ट्रीट वेंडर्स के लिए स्थायी बाजार विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई.जानकारी के अनुसार, ओटीसी मैदान से पंडरा फ्रेंड्स कॉलोनी तक बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स प्रतिदिन सड़क किनारे दुकानें लगाते हैं. हालांकि, स्थायी स्थान नहीं होने के कारण उन्हें आए दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान, यातायात की समस्या और अन्य प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इसी समस्या के समाधान को लेकर हाल ही में आयोजित रांची नगर निगम परिषद की बैठक में सांसद संजय सेठ ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था. उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक स्थायी और व्यवस्थित स्थान विकसित करने का सुझाव दिया था, ताकि उनकी आजीविका सुरक्षित हो सके.इस क्रम में रविवार को सांसद संजय सेठ और महापौर रोशनी खलखो ने पंडरा थाना के सामने स्थित खाली सरकारी भूमि और पंडरा पुल के पार दाहिनी ओर स्थित खाली स्थान का निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ स्थल की उपयोगिता, पहुंच मार्ग और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा की.

**स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा स्थायी स्थान: संजय सेठ**

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सम्मानजनक माहौल में रोजगार करने का अवसर मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि नगर निगम और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर इस दिशा में ठोस पहल की जाएगी, ताकि वेंडर्स को स्थायी स्थान उपलब्ध कराया जा सके.

**स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करना प्राथमिकता: मेयर**

महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता है कि स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित स्थान मिले, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था भी बेहतर हो और छोटे कारोबारियों की आजीविका भी सुरक्षित रहे. उन्होंने कहा कि प्रस्तावित स्थल को विकसित कर वहां दुकानों की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि वेंडर्स बिना किसी असुविधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सकें. योजना केवल स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बाजार विकसित करने की ही नहीं, बल्कि दैनिक मजदूरों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा. प्रस्तावित स्थल पर श्रमिकों के लिए शेड और स्वच्छ पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की भी योजना है.इससे छोटे व्यवसायियों और दैनिक श्रमिकों दोनों को लाभ मिलेगा निरीक्षण के दौरान वार्ड 32 के पार्षद संजय कुमार, वार्ड 33 की पार्षद पुष्पा टोप्पो, वार्ड 34 के पार्षद अजीत कच्छप, अशोक मुंडा, सुबेश पांडेय, देवन होंडा, सुशील कुमार तथा मनोज चौधरी भी मौजूद रहे.

# रांची में शिव मंदिर का शिवलिंग खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस जांच में जुटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** राजधानी रांची के कांके में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शिव मंदिर में स्थित शिवलिंग को खंडित कर दिया गया है. शिवलिंग खंडित करने की वजह से इलाके में तनाव का माहौल है. वहीं, कांके पुलिस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

**क्या है पूरा मामला**

रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित संग्रामपुर गांव में एक शिव मंदिर का शिवलिंग खंडित पाए जाने से इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है. बताया जा रहा है कि मामला शुक्रवार देर रात की है, लेकिन रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिली है. जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जुट गए और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करने लगे.

ग्रामीणों का कहना है कि शिवलिंग को खंडित किए जाने की घटना से उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है. लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क हैं.

**पुलिस ने दी जानकारी**

कांके थाना प्रभारी कुणाल ने बताया कि सूचना मिलते ही कांके थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मंदिर में प्राकृतिक शिवलिंग था. मामले को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर कारवाई की जाएगी

## संक्षिप्त खबर

### रांची विश्वविद्यालय का 67वां स्थापना दिवस, हरित वीथिका कार्यक्रम के साथ हुआ संपन्न



**रांची:** रांची विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 67वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित ₹हरित वीथिका₹ वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया. समारोह के अंतिम दिन विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प भी दोहराया गया.कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए. आयोजन का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण तैयार करने की दिशा में सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देना भी था.इस अवसर पर कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदा और हरियाली से समृद्ध राज्य है. ऐसे में विश्वविद्यालय परिवार का दायित्व है कि वह इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभाए. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हराभरा बनाकर विद्यार्थियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है.उन्होंने कहा कि हरित वीथिका केवल पौधरोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है. आने वाले समय में लगाए गए पौधों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा, ताकि वे विकसित होकर परिसर की हरियाली को और समृद्ध बना सकें.कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएसडब्ल्यू प्रो. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है. पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे भविष्य में एक सघन हरित आवरण का रूप लेंगे.वृक्षारोपण अभियान में सीसीडीसी डॉ. पीके झा, प्रॉक्टर डॉ. मुकुंद चंद्र झा, पीआरओ सह डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ. स्मृति सिंह, मानव विज्ञान विभाग के निदेशक डॉ. दिनेश उरांव, बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली रानी, एनएसएस समन्वयक डॉ. किशोर सुरीन, डॉ. हीरानंदन, डॉ. दीपाली, डॉ. हैप्पी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण कर अपनी सहभागिता निभाई. कार्यक्रम का संचालन डॉ. किशोर सुरीन ने किया. जबकि अंत में प्रॉक्टर डॉ. मुकुंद चंद्र झा ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया. इसी के साथ रांची विश्वविद्यालय का त्रिदिवसीय 67वां स्थापना दिवस समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो गया.

### विश्राम सदन में अधिक शुल्क वसूली की शिकायत पर रिम्स सख्त, जांच के आदेश

**रांची:** रिम्स के विश्राम सदन में तय दर से अधिक शुल्क वसूले जाने की खबर सामने आने के बाद संस्थान प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है. रिम्स के निदेशक प्रो. डॉ. डी. के. सिन्हा ने इस मामले की जांच कराने का निर्देश दिया है.निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक और अपर चिकित्सा अधीक्षक को पूरे मामले की विस्तृत जांच करने और रिपोर्ट के आधार पर जरूरी कार्रवाई करने को कहा है. उन्होंने निर्देश दिया है कि यदि जांच में किसी तरह की गड़बड़ी सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ नियम के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए.रिम्स प्रशासन का कहना है कि मरीजों और उनके परिजनों के हित सर्वोपरि हैं. किसी भी तरह की अनियमितता या शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है और ऐसे मामलों में संस्थान की नीति पूरी तरह जीरो टॉलरेंस की है.प्रशासन ने यह भी कहा कि रिम्स में सभी सेवाएं तय नियमों और मानकों के अनुसार संचालित हों, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है. संस्थान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

# पदोन्नति नियमावली में संशोधन के विरोध में सचिवालय सेवा संघ लामबंद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची:** कार्मिक सचिव के फैसलों के खिलाफ रविवार को हटिया स्थित पशुपालन भवन में सचिवालय सेवा संघ की आम सभा का आयोजन हुआ. आम सभा में पदोन्नति नियमावली में संशोधन को लेकर अधिकारियों का आक्रोश फूट पड़ा. इस बैठक में संघ के 800 से अधिक अधिकारी शामिल हुए. बैठक के दौरान कार्मिक विभाग के वर्तमान सचिव प्रवीण उमर टोप्पो के रवैये की तीखी आलोचना की गई. संघ का कहना है कि सचिव के निर्णय सचिवालय सेवा के हितों के विपरीत हैं, जिससे पदोन्नति व्यवस्था, मनोबल और गरिमा प्रभावित हो रही है. अधिकारियों ने साफ कहा कि कैडर हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. विभागीय रुख को देखते हुए आम सभा ने आंदोलन की रूपरेखा तय की. सभा ने सामान्य परिषद को आंदोलन और जरूरत पड़ने पर हड़ताल की रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी दी. हालांकि, भविष्य में हड़ताल का अंतिम फैसला लेने के लिए सामान्य परिषद का कम से कम 75 प्रतिशत कोरम होना अनिवार्य किया गया है. बैठक में संगठन को प्रशासनिक और वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए. संघ के खातों के ऑडिट के लिए कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया. संगठन की आर्थिक मजबूती के लिए सदस्यों के लिए 200 रुपये मासिक या 2400 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क तय हुई. यह राशि स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन के माध्यम से सीधे ली जाएगी. इसके अलावा, सदस्यों के सहयोग के लिए संघ कल्याण कोष नियमावली के गठन को भी मंजूरी दी गई.

# 55 करोड़ के भुगतान का आरोप, श्रम विभाग के अधिकारियों पर भी कार्रवाई की उठाई मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड सरकार की स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी में कथित वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी बैंक गारंटी मामले को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने रविवार को प्रेस वार्ता में दावा किया कि ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को नियमों के विपरीत काली सूची से हटाकर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया. अजय साह ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि अगस्त 2024 में तत्कालीन मिशन निदेशक ने स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी छह कंपनियों को फर्जी बैंक गारंटी देने का दोषी मानते हुए अगस्त 2026 तक ब्लैकलिस्ट कर दिया था. इसके बावजूद अक्टूबर 2024 में वर्तमान मिशन निदेशक शैलेंद्र लाल ने कथित तौर पर लोकहित का हवाला देते हुए इन कंपनियों को ब्लैकलिस्ट से बाहर निकालने का आदेश जारी किया, जिसके बाद विभाग ने करीब 55 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया. भाजपा का आरोप है कि अगस्त 2025 में फर्जी बैंक गारंटी मामले में तत्कालीन अधिकारी विनय चौबे के जेल जाने के बाद इन कंपनियों को दोबारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया. अजय साह ने सवाल उठाया कि यदि कंपनियां पहले से ब्लैकलिस्ट थीं, तो उन्हें करीब दस महीने तक सूची से बाहर रखकर भुगतान क्यों किया गया और बाद में फिर से ब्लैकलिस्ट क्यों किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त 2026 में इन कंपनियों की ब्लैकलिस्ट अवधि समाप्त होने वाली है और सरकार एक बार फिर इन्हें भुगतान करने की तैयारी कर रही है. प्रेस वार्ता में भाजपा ने यह भी सवाल उठाया कि जब फर्जी बैंक गारंटी मामले में एक विभाग के तत्कालीन सचिव विनय चौबे के खिलाफ कार्रवाई हुई और उन्हें जेल जाना पड़ा, तो श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई. भाजपा ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है और उन्हें प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है. भाजपा ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो श्रम विभाग के वर्तमान और पूर्व सचिव सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए.

# स्कूल से लौटी तो उजड़ चुका था घर, निगम की कार्रवाई में मेधावी छात्रा के सपनों पर चला बुलडोजर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**.रांची:** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान ने एक ऐसे परिवार की जिंदगी बदल दी, जिसकी सबसे बड़ी पूंजी उसके बच्चों के सपने थे. उर्सलाइन स्कूल की दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली मेधावी छात्रा लक्ष्मी मुंडा शनिवार सुबह रोज की तरह स्कूल गई थी. लेकिन जब दोपहर में वह पढ़ाई कर वापस घर लौटी तो उसके सामने ऐसा मंजर था, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी. जिस घर से वह सुबह स्कूल गई थी, वहां अब सिर्फ मलबा, टूटी दीवारें और बिखरा सामान बचा था. नगर निगम की कार्रवाई में न सिर्फ उसका आशियाना, बल्कि परिवार की छोटी-सी दुकान भी ध्वस्त हो चुकी थी.लगातार हो रही बारिश ने परिवार की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. घर टूटने के बाद लक्ष्मी का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है. उसका कहना है कि वह पढ़-लिखकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदलना चाहती थी, लेकिन अब समझ नहीं आ रहा कि बिना घर और पढ़ाई के साधनों के वह अपने सपनों को कैसे पूरा करेगी.कार्रवाई के दौरान परिवार के सदस्य घर बचाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन बुलडोजर चलता रहा. घर के साथ दुकान भी टूट जाने से परिवार के सामने आजीविका का संकट भी खड़ा हो गया है. परिवार का कहना है कि यही दुकान उनकी आय का मुख्य साधन था और इसी से बच्चों की पढ़ाई व घर का खर्च चलता था. लक्ष्मी की मां सरिता मुंडा इस घटना से गहरे सदमे में हैं.

**कार्रवाई के दौरान बार बार बेहोश होती रही छात्रा की मां**

परिजनों के अनुसार कार्रवाई के बाद से वह कई बार बेहोश हो चुकी हैं. रोते हुए उन्होंने बताया कि उनकी मां भी वर्षों से मोरहाबादी रजिस्ट्री ऑफिस के सामने रहती थी और लक्ष्मी का जन्म भी इसी घर में हुआ था. उन्होंने कहा यही उनका घर था, यही उनकी दुनिया थी. अब उनके पास कुछ भी नहीं बचा. रहने के लिए दूसरी जमीन नहीं है. समझ में नहीं आ रहा कि बच्चों के साथ रात कहां गुजारे और उनका भविष्य कैसे बचाए.

**भींगती किताबों की ओर निहारती रही लक्ष्मी**

मलबे के बीच एक ओर सरिता मुंडा अपने टूटे घर को निहार रही थीं, तो दूसरी ओर लक्ष्मी भीग चुकी किताबों और कॉपियों को समेटने की कोशिश कर रही थी. आसपास मौजूद लोगों की आंखें भी इस दृश्य को देखकर नम हो गईं. स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मानवीय पहलुओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि किसी बच्चे की पढ़ाई और किसी परिवार की जिंदगी इस तरह प्रभावित न हो.

# जोंहा फॉल के पास हादसा, पुलिस लिखी कार अनियंत्रित होकर दुकान में घुसी




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची:** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र स्थित जोंहा फॉल के समीप रविवार को पुलिस लिखी एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दुकान में जा घुसी. हादसे में दुकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. राहत की बात यह रही कि घटना के समय दुकान के सामने कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका. स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक नशे की हालत में था. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी पुलिस की ओर से नहीं की गई है. पुलिस का कहना है कि जांच और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. कार पर पुलिस लिखी होने के कारण मामला चर्चा का विषय बन गया. सूचना मिलने पर अनगड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी. साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

### रांची के वेंडर मार्केट में नियमों का खेल! दुकानें किराये पर देने वालों पर निगम की नजर, जांच समिति गठित

**रांची।** राजधानी रांची के विभिन्न वेंडर मार्केट में आवंटित दुकानों को अवैध रूप से किराये पर देने के आरोपों के बीच रांची नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है. निगम को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई आवंटित वेंडर खुद दुकान संचालित करने के बजाय उसे दूसरे लोगों को भारी किराये पर देकर लाभ कमा रहे हैं. इतना ही नहीं, कुछ लाभुक दुकान किराये पर देकर दोबारा फुटपाथ और मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण कर कारोबार कर रहे हैं. शिकायतों के बाद निगम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं सड़क विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 तथा निगम के नियमों के तहत वेंडर मार्केट की दुकानें केवल उसी व्यक्ति के उपयोग के लिए आवंटित की जाती हैं, जिसे निगम द्वारा लाभुक के रूप में चयनित किया गया है. दुकान को किसी अन्य व्यक्ति को किराये पर देना या सब-लीज करना पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है. यदि जांच में इस तरह की गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित दुकानदार का आवंटन रद्द किया जा सकता है. साथ ही निगम को सुरक्षा राशि जब्त करने और दुकान का पुनः आवंटन करने का भी अधिकार है.

# झारखंड पर मानसून मेहरबान, 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई इलाकों में बरसेंगे बादल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है. मौसम केंद्र के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश, मेघ गर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. मौसम केंद्र ने लोगों से खराब मौसम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है. रांची में सुबह से ही रुक-रुक कर झमाझम बारिश हो रही है.

**इन आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम केंद्र ने सोमवार को रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा और हजारीबाग जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई है. इन जिलों में जलभराव, दृश्यता कम होने और स्थानीय स्तर पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है. विभाग ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है.

**गरज-चमक और तेज हवाओं को लेकर भी चेतावनी**

सिर्फ बारिश ही नहीं, बल्कि राज्य के अलग अलग हिस्सों में मेघ गर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है. ऐसे मौसम में खेतों, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है. बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित भवनों में रहने की अपील की गई है.

**13 जुलाई को उत्तर-पूर्वी झारखंड पर रहेगा ज्यादा असर**

13 जुलाई को भी राज्य में मानसून की गतिविधियां जारी रहेंगी. अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर बना रहेगा. हालांकि उत्तर-पूर्वी झारखंड और उससे सटे मध्य भाग, विशेषकर धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है. इस दौरान भी गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं का असर बना रहेगा. 14 जुलाई को मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. पूरे राज्य में बादल छाए रहने और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है. वहीं उत्तर-पूर्वी झारखंड के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार मेघ गर्जन और तेज हवाओं की गतिविधियां भी जारी रह सकती हैं, इसलिए लोगों को लगातार सतर्क रहने की जरूरत है.

**मौसम में बदलाव की वजह**

झारखंड में सोमवार को मौसम के बदले मिजाज की सबसे बड़ी वजह बंगाल की खाड़ी में बना गहरा निम्न दबाव है. भारत मौसम विज्ञान विभाग, रांची के दैनिक मौसम बुलेटिन के अनुसार, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर बना सशक्त निम्न दबाव का क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल गया है. यही सिस्टम झारखंड के मौसम को प्रभावित

# रांची में बोरिंग कराने से पहले करनी होगी जेब ढीली, 2500 रुपये की एनओसी के साथ घर में वाटर हार्वेस्टिंग भी जरूरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची में अब बोरिंग कराना पहले की तरह आसान नहीं होगा. नगर निगम क्षेत्र में चार इंच का बोरिंग कराने से पहले भवन मालिक को नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा. इसके लिए 2500 रुपये शुल्क भी जमा करना होगा. शुल्क जमा करने के बाद ही नगर निगम बोरिंग की अनुमति देगा. नगर निगम ने एनओसी के साथ एक और महत्वपूर्ण शर्त जोड़ी है. इसके तहत बोरिंग की अनुमति लेने वाले प्रत्येक भवन मालिक को अपने परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण करना होगा. निगम का मानना है कि लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी है. इसी उद्देश्य से बोरिंग की अनुमति को रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जोड़ा गया है. ज्ञात हो कि एक माह पहले नगर निगम में सभी बोरिंग मशीन संचालकों की बैठक हुई थी. इस बैठक के दौरान बोरिंग की एनओसी के लिए 5000 शुल्क का निर्धारण किया गया था. लेकिन निगम बोर्ड की बैठक में इस शुल्क को ज्यादा बताते हुए इसे पांच हजार के बजाय 2500 कर दिया गया.

**बिना एनओसी बोरिंग कराने पर होगी कार्रवाई**

नये नियमों में निगम ने यह प्रावधान किया है कि बिना एनओसी के बोरिंग कराना नियमों का उल्लंघन माना जायेगा. ऐसे मामलों में बोरिंग करने वाली मशीन को जब्त किया जायेगा. साथ ही संबंधित भवन मालिक के खिलाफ भी जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है. निगम का कहना है कि नियमों का कड़ाई से पालन कराया जायेगा.

**सालभर में कितने बोरिंग हुए**

नगर निगम इस नयी व्यवस्था के जरिये अपने क्षेत्र में होनेवाली सभी बोरिंग का रिकॉर्ड भी तैयार करेगा. एनओसी की प्रक्रिया लागू होने के बाद यह जानकारी उपलब्ध होगी कि एक साल में नगर निगम क्षेत्र में कितनी नयी बोरिंग करायी गयी. इससे भूजल दोहन पर निगरानी रखने और भविष्य की जल संरक्षण योजनाएं तैयार करने में भी मदद मिलेगी.

# बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ का बड़ा एक्शनः दो दिनों में 37, 720 रुपए की अवैध विदेशी शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, 100 पाउच लावारिस बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**फरक्का एक्सप्रेस से लावारिस शराब मिली, उधना स्पेशल फेयर एक्सप्रेस में युवक शराब के साथ दबोचा गया**







**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने लगातार दो दिनों तक विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। 11 और 12 जुलाई 2026 को की गई कार्रवाई में कुल 37,720 रुपए की विदेशी शराब जब्त की गई। इस दौरान एक मामले में 100 पाउच शराब लावारिस अवस्था में बरामद हुई, जबकि दूसरे मामले में 78 बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।

फरक्का एक्सप्रेस से मिली 100 पाउच लावारिस शराब

11 जुलाई को विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक बी.एन. टुडू एवं कांस्टेबल आकाशदीप नायक ने गाड़ी संख्या 15733 अप फरक्का एक्सप्रेस में विशेष जांच अभियान चलाया। रात करीब 8:45 बजे बरहरवा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर पहुंचे जनरल कोच संख्या एस ई आर - 257537 की एक सीट के नीचे लावारिस प्लास्टिक बैग मिला। यात्रियों से बार - बार पूछताछ के बावजूद कोई भी व्यक्ति बैग पर अपना दावा नहीं कर सका। तलाशी लेने पर बैग से ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की (180 मि.ली.) के 100 पाउच बरामद हुए। कुल 18 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 14,000 रुपया आंकी गई, को बीएनएसएस-2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत विधिवत जब्त कर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया तथा आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, साहिबगंज को सूचना दी गई।

**उधना स्पेशल फेयर एक्सप्रेस में तस्कर गिरफ्तार**

12 जुलाई को विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के पर्यवेक्षण में गाड़ी संख्या 09034 अप उधना स्पेशल फेयर एक्सप्रेस में बरहरवा स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान में सीपीडीएस टीम मालदा तथा आरपीएफ पोस्ट बरहरवा की संयुक्त टीम शामिल रही। सुबह करीब 10:40 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर कोच एस -10 की तलाशी के दौरान सीट संख्या-11 के नीचे एक हरे रंग का ट्रॉली बैग और एक काला बैकपैक संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ में सीट पर यात्रा कर रहे युवक प्रेमसागर कुमार (19 वर्ष), निवासी टोपखाना बाजार, कटघर, मुंगेर (बिहार) ने दोनों बैग अपना होना स्वीकार किया, लेकिन शराब से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने बताया कि वह मालदा स्टेशन से शराब लेकर जमालपुर के रास्ते मुंगेर में अवैध बिक्री के उद्देश्य से जा रहा था। तलाशी में उसके कब्जे से कुल 78 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 23,720 रुपया है। आरपीएफ ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी तथा जब्त शराब और दोनों बैगों के साथ आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया। इसके बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, साहिबगंज को मामला सौंप दिया गया। लगातार दो दिनों में हुई इन कार्रवाइयों से बरहरवा रेलवे स्टेशन के रास्ते होने वाली अवैध शराब तस्करी पर आरपीएफ ने प्रभावी प्रहार किया है। संयुक्त अभियान में कुल 178 पैक/बोतल (100 पाउच एवं 78 बोतल) विदेशी शराब, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 37,720 रुपए जब्त की गई।

## बरहरवा में रक्तदान शिविर आयोजित, समाजसेवियों ने किया शुभारंभ, स्वैच्छिक रक्तदान के लिए किया प्रेरित



**बरहरवा/साहिबगंज।** कल्याण स्मृति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को बरहरवा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी सुमन कुमार, डॉ. सोहेल अनवर, बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल आर्य तथा संस्थान के सदस्य राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुमन कुमार ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने पहली बार रक्तदान करने पहुंचे युवाओं का उत्साहवर्धन किया, उन्हें रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों से दूर रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी भी। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं के मानवीय योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान के माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद जगाई जा सकती है। शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना रहा। एक यूनिट रक्त झ्र अनेक जीवन की मुस्कान के संदेश के साथ शिविर का समापन हुआ।

## जेजेए तीनपहाड़ इकाई की एक बैठक हुई आयोजित



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** जेजेए तीनपहाड़ इकाई की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई,बैठक में पत्रकार और पत्रकारिता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई,बैठक में मुख्य रूप से तीनपहाड़ इकाई के उपाध्यक्ष मिथुन यादव,सचिव शशि कान्त यादव, कोषाध्यक्ष सपन कुमार,कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।,वही कुछ निजी कारणों से तीनपहाड़ इकाई के अध्यक्ष विकास सिंह, एवं उपसचिव महताब आलम बैठक में शामिल नहीं हो पाए।

## बरहरवा नगर पंचायत के तीन वार्डों में डीप बोरिंग सह पाइपलाइन निर्माण कार्य का शिलान्यास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 के नयाटोला, वार्ड संख्या 11 के कुशवाहा टोला तथा वार्ड संख्या 12 के रतनपुर में लगभग 9,98,100 रुपए की प्राक्कलित लागत से बनने वाली डीप बोरिंग सह पाइपलाइन निर्माण योजना का विधिवत शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा अर्पिता दास, उपाध्यक्ष राजकुमार भगत, संबंधित वार्ड पार्षद विजय कुमार, निशा रानी एवं संतोष भगत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं वार्ड संख्या 11 के कुशवाहा टोला में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने से संबंधित वार्डों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बेहतर होगी तथा स्थानीय लोगों को पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय - सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने की बात कही। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि योजना के पूरा होने से क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## आपदा से निपटने की तैयारी में साहिबगंज एक कदम आगे - 15 जुलाई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** जिले में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 15 जुलाई, 2026 (बुधवार) को 4:00 बजे अपराह्न से 9:00 अपराह्न के बीच एक व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है।

**मॉक ड्रिल का उद्देश्य**

यह अभ्यास हवाई हमले अथवा अन्य किसी गंभीर आपदा की स्थिति में आम नागरिकों की तत्परता, सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता और जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया को परखने हेतु किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जागरूक और तैयार बनाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**ड्रिल के मुख्य घटकः क्या-क्या होगा इस अभ्यास में?**

1. सायरन बजानाः
हवाई हमले की चेतावनी के रूप में सायरन बजाए जाएंगे। इससे नागरिकों को आपात स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

2. ब्लैकआउट अभ्यासः
कुछ समय के लिए घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की बिजली बंद रखने की अपील की गई है। कृपया इन्वर्टर, कृत्रिम लाइट या अन्य विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें।

3. नागरिकों की निकासी प्रक्रियाः
चिन्हित सुरक्षित स्थानों जैसे मजबूत इमारतों के आंतरिक कमरों में जाने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा।

4. प्रशिक्षण और डेमो प्रदर्शनः
डेमो आपदा परिस्थिति का आयोजन किया जाएगा, जहाँ आपात स्थिति में बचाव कार्य कैसे किया जाता है, इसका प्रदर्शन किया जाएगा।

5. संयुक्त भागीदारीः
जिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस एवं स्वयंसेवी संगठन इस अभ्यास में सक्रिय भाग लेंगे।

6. Shadow Controal Room की स्थापनाः
एक शैडो कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहाँ से पूरे अभ्यास की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। आपात स्थिति में नागरिकों को सहायता और मार्गदर्शन यहीं से प्रदान किया जाएगा।

7. ड्रोन निगरानीः
ब्लैकआउट के दौरान ड्रोन से क्षेत्रीय निगरानी की जाएगी, ताकि अभ्यास की वास्तविकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके।

8. वीडियो रिकॉर्डिंग व विश्लेषणः
पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग की जाएगी और आगामी दिनों में इसका विश्लेषण कर जिले के सिविल डिफेंस प्लान को और मजबूत किया जाएगा।

नागरिकों के लिए सुझाव और अपील

सायरन बजने पर घबराएं नहीं। यह केवल एक अभ्यास है।

अपने घरों की बिजली बंद रखें और कृत्रिम प्रकाश का प्रयोग न करें।

सुरक्षित स्थान की पहचान पहले से कर लें और परिवार को भी जागरूक करें।

रेडियो, टीवी, अथवा सरकारी मोबाइल ऐप्स से आधिकारिक सूचना प्राप्त करते रहें।

किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

इस अभ्यास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें झ्र आपकी सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

जन-सहभागिता से ही बनेगा यह अभ्यास सफल

जिला प्रशासन, साहिबगंज यह स्पष्ट करता है कि यह मॉक ड्रिल एक पूर्व नियोजित अभ्यास है और इसका उद्देश्य जनमानस को सतर्क, जागरूक और तैयार करना है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस महत्त्वपूर्ण पहल में सहयोग करें, शांत रहें, अफवाहों से बचें और प्रशासन को सहयोग दें।

**चिन्हित स्थल जहां मॉक ड्रिल होगाः**

प्रखंड कार्यालय (4:00 बजे अपराह्न)

संध्या कॉलेज (4:00 बजे अपराह्न)

साहिबगंज रेलवे स्टेशन (8:00 बजे अपराह्न)

## शिक्षा केंद्र साहिबगंज में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी को भावभीनी विदाई, योगदान को किया गया सम्मानित




**साहिबगंज।** शिक्षा केंद्र साहिबगंज में रविवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् एवं मॉडल कॉलेज, राजमहल के प्राचार्य रणजीत कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संजय कुमार तिवारी सौम्य, सरल, कर्मठ एवं सांस्कृतिक विचारधारा से जुड़े अधिकारी हैं। उनके कार्यकाल में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए।मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय, साहिबगंज के शिक्षक मनोहर शर्मा ने श्री तिवारी को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण विदाई गीत ने समारोह को भावुक कर दिया। उपस्थित शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं ने भी पुष्पगुच्छ, उपहार एवं स्मृति-चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया।अपने विदाई संबोधन में संजय कुमार तिवारी ने कहा कि साहिबगंज में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में हमेशा शामिल रहेगा। यहां के लोगों का स्नेह, सहयोग और आत्मीयता को वे जीवनभर याद रखेंगे।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा केंद्र के निदेशक अनिकेत कुमार ने किया। उन्होंने श्री तिवारी के योगदान की सराहना करते हुए उनके भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर शिक्षक शशि कुमार सुमन, झारखंड शिक्षा परियोजना के कर्मचारी वीर प्रकाश सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मॉडल कॉलेज राजमहल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने विशेष शिविर के चौथे दिन चलाया पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**राजमहल/साहिबगंज।**मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईझ्1 एवं इकाईझ्2 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन गोद लिए गए ग्राम सालबनी एवं भोटोटोला में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने दोनों गांवों में वृक्षारोपण किया तथा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों, वृक्षों के महत्व तथा पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया।इस अवसर पर ₹कैच द रेन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण के महत्व पर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को वर्षा के जल का संग्रह एवं संचयन करने, भू-जल स्तर को बनाए रखने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वर्षा जल का संरक्षण भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का प्रभावी उपाय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने दोनों इकाइयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, ₹पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। बिना पेड़ों के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। इसी प्रकार जल जीवन का अमूल्य स्रोत है। यदि हम आज जल और पर्यावरण का संरक्षण करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकेंगे।₹ उन्होंने स्वयंसेवकों से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा वर्षा जल संचयन का संदेश समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाईझ्1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमजान अली एवं इकाईझ्2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दोनों इकाइयों के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण हेतु जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## राजमहल में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, लापरवाही पर सिविल सर्जन सख्त; खराब प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज।** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में रविवार को अनुमंडल अस्पताल राजमहल के सभागार में राजमहल प्रखंड की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान आरोग्य केंद्रों सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी एवं पदाधिकारी 24 घंटे किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें तथा आम लोगों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।बैठक में कम उपलब्धि वाले आयुष्मान आरोग्य केंद्रों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मौके पर ही स्पष्टीकरण जारी किया गया। साथ ही उन्हें चेतावनी देते हुए निर्देश दिया गया कि अगले माह तक कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सुधार नहीं होने पर सेवा मुक्त करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।बैठक में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र भगत, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, जिला डाटा प्रबंधक तौसीफ अहमद सहित राजमहल प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया, सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## मिजाचौकी के नयाटोला में बंद घर में आग, हजारों की संपत्ति स्वाहा



**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के नयाटोला गांव में शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक बंद घर में आग लग गई। इस हादसे में जीवन बीमा से जुड़े कागजात, बैंक पासबुक सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं हजारों रुपये मूल्य का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के मकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार नयाटोला निवासी पवन मालाकार रोजगार के सिलसिले में दिल्ली की एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। घटना के समय घर बंद था। देर रात अचानक घर से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश राम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी पवन मालाकार को दे दी है। बताया जा रहा है कि उनके घर लौटने के बाद ही आग से हुई वास्तविक क्षति का सही आकलन हो सकेगा।

# झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जिलेभर में संगठनात्मक बैठक, एसआईआर को लेकर पत्रकारों को किया गया जागरूक

**सभी प्रखंडों में हुई बैठक, पत्रकार हित, संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान पर हुई विस्तृत चर्चा**

जिला ब्यूरो कृष्ण कांत कुमार





**साहिबगंज।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई, साहिबगंज के आह्वान पर रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। साहिबगंज सदर, राजमहल, तालझारी, बरहेट, तीनपहाड़, बोरियो एवं बरहरवा सहित विभिन्न प्रखंडों में संबंधित प्रखंड अध्यक्षों के नेतृत्व में आयोजित बैठकों में पत्रकार हित, संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठकों में पत्रकारों को एसआईआर अभियान की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी मतदाता को एसआईआर फॉर्म भरने अथवा दस्तावेजों से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो पत्रकार समाजहित में आगे आकर लोगों को जागरूक करें और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। संगठन ने स्पष्ट किया कि पत्रकारिता केवल समाचार संकलन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में भी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**पत्रकारों की सुरक्षा, संगठन की मजबूती और सामाजिक दायित्वों पर हुआ मंथन**

बैठकों में पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा, कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियां, प्रशासनिक सहयोग, पत्रकारों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की स्थिति में संगठन की भूमिका तथा पत्रकारिता की नैतिकता और अनुशासन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा कि किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय होने पर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन उसके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। साथ ही संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने, नए एवं सक्रिय पत्रकारों को संगठन से जोड़ने तथा पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया।

**सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्षों के नेतृत्व में हुई बैठकः**

साहिबगंज सदर प्रखंड में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शाहजहां काजू ने की, जिसमें जिला अध्यक्ष चंदन सिंह, प्रदेश सचिव अरविंद ठाकुर एवं जिला महासचिव रबनवाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला महासचिव ने पत्रकारों को नैतिकता, अनुशासन एवं जिम्मेदार पत्रकारिता का संदेश दिया। वहीं राजमहल प्रखंड में जिला उपाध्यक्ष भूदेव कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। तालझारी में प्रखंड अध्यक्ष अमित चौधरी, बरहेट में प्रखंड अध्यक्ष अजीत झा, तीनपहाड़ में प्रखंड कोषाध्यक्ष सपन कुमार, बोरियो में प्रखंड अध्यक्ष पवन गुप्ता तथा बरहरवा में प्रखंड अध्यक्ष शंकर कुमार घोष की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। सभी बैठकों में स्थानीय स्तर पर पत्रकारों की समस्याओं, संगठन के विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया।बैठक में वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर निराला, पंकज वर्मा, प्रवीण कुमार, आलोक कुमार, अरविंद यादव, मुन्ना कुमार यादव, आनंद कुमार चौधरी, दीपक कुमार केसरी, सहेंद्र प्रसाद, रंजय पासवान, राजेश कुमार दास, मोहम्मद वसीम आलम, सुमन कुमार झा, नवीन कुमार, मनीष कुमार शर्मा, इमरान, चंदन कुमार, मोहम्मद हसमुद्दीन, मोहम्मद गुलजार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन अभियान को मिली रफ्तार, वरीय पदाधिकारियों ने कैंपों का किया सघन निरीक्षण

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रखंडों एवं नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य की हुई समीक्षा, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निष्पादन के दिए गए निर्देश**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाने वाली मतदाता सूची को अधिक सुदृढ़, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (रक्फ़) के तहत जिले में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने के लिए रविवार को विभिन्न प्रखंडों एवं नगर परिषद क्षेत्र में विशेष डिजिटाइजेशन कैंप आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार इन कैंपों के प्रभावी संचालन, अनुश्रवण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों ने अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यों का सघन निरीक्षण किया।लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लिट्टीपाड़ा प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी, हिरणपुर प्रखंड में जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा अमड़ापाड़ा प्रखंड में परियोजना निदेशक, आईटीडीए द्वारा कैंपों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़ प्रखंड में उप विकास आयुक्त एवं नगर परिषद क्षेत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। वहीं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर प्रखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा पाकुड़िया प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा कैंपों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित कर्मियों द्वारा मतदाता प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रपत्रों की शुद्धता, डेटा एंट्री की गुणवत्ता एवं कार्य की गति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता से संबंधित जानकारी का डिजिटाइजेशन पूरी सावधानी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि मतदाता सूची अधिक विश्वसनीय एवं त्रुटिरहित बन सके।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज हो, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य से जिलेभर में चल रहे डिजिटाइजेशन अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, जयप्रकाश सिन्हा सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित



**साहिबगंज।** शहर स्थित फ्रेंड्स क्लब में रविवार को जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों एवं स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।चुनाव प्रक्रिया की निगरानी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साह, प्रदेश सचिव मोहम्मद सलाम तथा पर्यवेक्षक विनोद कुमार भगत और चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने की। पर्यवेक्षकों ने उपस्थित डीलरों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया, जिसके बाद चुनाव शुरू हुआ।आपसी सहमति बनने पर अध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश सिन्हा के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित कर उन्हें जिला अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।इसके अलावा महेंद्र पासवान को उपाध्यक्ष, अशोक शाह, कैलाश यादव, अजीत शर्मा, रामलाल भगत एवं मनोज चौधरी को सचिव मंडल में तथा भगवान जोशी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र एवं साहिबगंज नगर इकाई के लिए राजेंद्र शाह को प्रखंड अध्यक्ष, बासुकीनाथ यादव को उपाध्यक्ष, मंतलाल पासवान को महासचिव, महेश मलिक को सचिव तथा रामावतार सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि शेष प्रखंडों की कमेटियों की घोषणा एवं संगठन का विस्तार प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जल्द किया जाएगा।इस अवसर पर जयप्रकाश सिन्हा, महेंद्र पासवान, राजेंद्र शाह, शंभू प्रसाद यादव, महेश मलिक, प्रभुनाथ यादव, मोहम्मद जमीरउद्दीन, भगवान जोशी, मनोज चौधरी, बासुकीनाथ यादव, जनार्दन दास, रिंकी, आरती, शशिकांत दुबे, विमल गुप्ता, रेशमा मुस, संजय पोद्दार, नागेश्वर पोद्दार, मोहम्मद कुर्बान, भोला शर्मा, कैलाश यादव, अनंत यादव, मोहम्मद हन्नान, गोपाल शाह, मोहम्मद मेराज, आशा सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में डीलर एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कई सदस्यों को जिला एवं प्रखंड कमेटी में भी शामिल किया गया।

# अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी में छह मामलों की हुई सुनवाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**लोहरदगाः** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की अदलिया कमिटी की साप्ताहिक बैठक रविवार को अंजुमन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमिटी के पदाधिकारियों ने की, जिसमें पारिवारिक एवं भूमि विवाद समेत कुल छह महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान दो मामलों का आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया, जबकि एक मामले को साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर खारिज कर दिया गया। शेष मामलों में आवश्यक सुनवाई के बाद अगली तिथि निर्धारित की गई तथा कुछ मामलों को जांच-पड़ताल के लिए सुरक्षित रखा गया। बैठक में सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू, नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बबलू, ज्वाइंट सेक्रेटरी अल्ताफ कुरैशी, मोज्जमिल अंसारी, यासीन कुरैशी, मीनू खान, सेराज अंसारी, बब्बन तथा ऑफिस सेक्रेटरी अब्दुल कलाम तेगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।सुनवाई के दौरान पहला मामला सिसई और सोरंदा बांध टोली के पति-पत्नी के बीच पारिवारिक मतभेद से संबंधित था, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराते हुए विवाद का समाधान कराया गया। दूसरा मामला जुरिया बनाम ओयना का था, जिसकी सुनवाई के बाद अगली तिथि निर्धारित की गई। तीसरा मामला पंडरी बनाम मसमानो के पारिवारिक विवाद का था, जिसका भी आपसी सहमति से निपटारा कर दिया गया। सोमवार बाजार स्थित भूमि विवाद और कुरैशी मोहल्ला के भूमि विवाद की भी सुनवाई हुई। इनमें एक मामले में अगली तिथि तय की गई, जबकि दूसरे मामले को खारिज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य मामलों को विस्तृत जांच-पड़ताल के लिए सुरक्षित रखा गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि अदलिया कमिटी का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, विश्वास और पारिवारिक सौहार्द को मजबूत करना है। कमिटी में आने वाले सुलह योग्य मामलों का समाधान दोनों पक्षों की सहमति और आपसी समझ के आधार पर किया जाता है, जिससे न्याय के साथ-साथ रिश्तों की गरिमा भी बनी रहती है। उन्होंने जिले के मुस्लिम समाज से अपील की कि छोटे-छोटे विवादों को अदालत तक ले जाने के बजाय पहले अदलिया कमिटी के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रयास करें, ताकि समय, धन और आपसी संबंध–तीनों की रक्षा हो सके।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्या मंदिर लोहरदगा की कशिश कुमारी सम्मानित, झारखंड में हासिल किया द्वितीय स्थान



**लोहरदगाः** विद्या भारती के दिशा-निर्देश में संचालित विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम (रांची) में आयोजित ₹प्रतिभा सम्मान समारोहझ्र2026₹ में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा की छात्रा कशिश कुमारी को पूरे झारखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।समारोह में सीबीएसई एवं जैक बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 मेधावी विद्यार्थियों तथा इसरो में युवा वैज्ञानिक के रूप में चयनित दो प्रतिभाओं सहित कुल 52 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जे. चोकालिंगम, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों से परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्या विकास समिति, झारखंड के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।कशिश कुमारी की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, गुमला विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बरहरवा पुलिस ने चोरी का खुलासा किया, पांच आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा थाना पुलिस ने छाताडंगाल गांव में बंद घर में हुई चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया एल्यूमिनियम फ्रेम, चार सीलिंग फैन और एक एसी का कंप्रेसर बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में एक अन्य चोरी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। बरहरवा पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि 5 जुलाई 2026 को बरहरवा थाना क्षेत्र के छाताडंगाल गांव निवासी रॉनी सुदीप कुजुर (पिता- स्व. आर.ई.वी. कुजुर, आईपीएस) के घर में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर बरहरवा थाना कांड संख्या 177/26 दिनांक 8 जुलाई 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 एवं 331(4) के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गुप्त सूचना के आधार पर 11 जुलाई को पुलिस ने लक्ष्मण यादव उर्फ पोल्ट्री, नंदन साह, प्रकाश साह, सोहन कुमार यादव और राहुल कुमार साह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया खिड़की का एल्यूमिनियम फ्रेम, चार सीलिंग फैन और एसी का कंप्रेसर बरामद कर जब्त कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लगभग पांच माह पूर्व रतनपुर निवासी खुशबू कुमारी के बंद घर में चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस उस मामले सहित अन्य बिंदुओं पर आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नंदन साह के विरुद्ध वर्ष 2023 में रांगा थाना में चोरी का मामला दर्ज है, जबकि लक्ष्मण यादव उर्फ पोल्ट्री के खिलाफ वर्ष 2019 में बरहरवा थाना में एक आपराधिक मामला दर्ज हो चुका है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार यादव, अनुसंधानकर्ता सुदामा सिंह, सहायक अवर निरीक्षक राजनाथ साव, रंजय कुमार यादव तथा बरहरवा थाना के सशस्त्र बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नीट पेपर लीक के विरोध में रांची में युवा कांग्रेस की मैराथन दौड़, हजारों युवाओं ने उठाई निष्पक्ष परीक्षा और न्याय की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, दोषियों को मिले कड़ी सजा: सांसद सुखदेव भगत**



देश भर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच रविवार को रांची के मोराबादी स्थित बाबू वाटिका से युवा कांग्रेस ने छात्रों की गूंज अभियान के तहत विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इस दौरान युवाओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया और पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैराथन दौड़ को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों मेहनती छात्र-छात्राओं के सपनों पर सीधा प्रहार है। वर्षों की मेहनत और संघर्ष को भ्रष्ट व्यवस्था ने क्षणभर में झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। छात्रों की आवाज दबाने के बजाय सरकार को दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। सांसद ने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि देश का भविष्य छात्रों के हाथों में है और उनके अधिकारों की रक्षा करना हर जिम्मेदार सरकार का कर्तव्य है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु ने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सरकार तक छात्रों की पीड़ा पहुंचाना और नीट पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करना है। उन्होंने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा। इसके बाद युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, सांसद सुखदेव भगत, मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सुबोध कांत सहाय तथा विधायक विकास कोंगाड़ी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं और छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान पेपर लीक बंद करो, छात्रों के साथ न्याय करो और शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओ जैसे नारों से पूरा मोराबादी गूंज उठा। कार्यक्रम में रांची नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. किरण महतो, दीपू सिन्हा सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में धान की रोपाई शुरू



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बीते दिनों से झमाझम हो रही झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। जानकारी के अनुसार झमाझम बारिश से खेत-खलिहानों में पानी भर गया है। खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। रविवार की सुबह में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में खेतों में काम करते देख गया।बारिश होने से किसान अपने खेतों की ओर हल-बैल और ट्रैक्टर लेकर निकल पड़े। प्रखंड क्षेत्र के पतौड़ा, मसना, केलाबाड़ी,अ आतापुर, मोहनपुर, सुतियारपाड़ा एवं जोंका सहित अन्य इलाकों में धान की रोपाई का काम शुरू हो गया है। कहीं खेतों में ट्रैक्टर से जुताई हो रही है तो कहीं महिलाएं और पुरुष समूह बनाकर धान की रोपाई में जुटे है। किसानों का कहना है कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से उनलोग काफी परेशान हो गए थे। उनलोगों का कहना है कि बारिश होने से खेतों में नमी आ गई है। उनलोग अपने खेतों में रोपाई का काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश साहा ने बताया कि मानसून की बारिश होने से खेतों में रोपाई का काम शुरू हो गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि करीब 15 प्रतिशत तक धान रोपाई काम हो गया है। अगले कुछ दिनों में धान की रोपाई में तेजी आएगी।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ,100 से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता

**हजारीबाग।** जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग द्वारा आज 12 जुलाई 2026 से 13 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ हजारीबाग स्टेडियम स्थित इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में भव्य समारोह के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 11:30 बजे उपायुक्त श्री हेमन्त सती द्वारा किया गया। नगर आयुक्त एवं जिला खेल पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल युवाओं को नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखता है तथा उन्हें स्वस्थ, फिट एवं सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।दो दिनों तक आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्गों में एकल (Singles) एवं युगल (Doubles) मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक वर्ग में विजेता को 5,000, उपविजेता को 2,500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 1,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए यह भी घोषणा की कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता की सफलता के उपरांत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27, 28 एवं 29 अगस्त 2026 को प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रमंडल के सभी सात जिलों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि उस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी एवं जिला खेल कार्यालय की पूरी टीम की इस प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन के लिए सराहना की तथा कहा कि ऐसे आयोजन हजारीबाग के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।प्रतियोगिता के प्रति खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा गया और उद्घाटन के तुरंत बाद विभिन्न वर्गों के मुकाबले प्रारंभ हो गए। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 13 जुलाई 2026 को फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगी।

# एस.आई.आर की समीक्षा को लेकर झामुमो प्रखंड समिति की बैठक हुई सम्पन्न, झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम व जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली रहे मौजूद

**कोई भी योग्य मतदाता को फॉर्म भरने में न हो परेशानी, इछअ–2 व कार्यकर्ता रखें इसका ध्यान :– झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम**

**पर्यवेक्षक के साथ साथ सभी कार्यकर्ता रहें सक्रिय रहकर मतदाताओं को करे सहयोग : झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली**

**अमर भगत @झारखंड उजाला संवाददाता**



**अमड़ापाड़ाः** अमड़ापाड़ा प्रखंड के पहाड़पुर स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समिति की बैठक झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हाँसदा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम व जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में चल रहे एस.आई.आर (विशेष मतदाता पुनरीक्षण) की समीक्षा की गई।इस दौरान अपने संबोधन में झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग व निगरानी हेतू सभी पंचायतों में पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए क्षेत्र भ्रमण कर मतदाताओं के फॉर्म भरने व उसे ऑनलाइन करवाने में सहयोग करने का कड़ा निर्देश दिया।वही जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के लोगों को फॉर्म भरने से संबंधी जानकारी विस्तार रूप से देते हुए यह सुनिश्चित करे कि किसी भी हाल में योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चढ़ने से छूटे ना।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य निशा शबनम हाँसदा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, युवा मोर्चा के जिला सचिव अमित भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव दिलीप मरांडी, प्रखंड सचिव जहीरुद्दीन मियां, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुष्मिता मुर्मू, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायण भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य मंटू भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजीत भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य अली हुसैन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष कालिदास मुर्मू, प्रखंड उपाध्यक्ष थॉमस मुर्मू, प्रखंड उपाध्यक्ष ईमरान अंसारी, प्रखंड संगठन सचिव रंजीत पंडित, प्रखंड सह सचिव संतोष भगत, प्रखंड सह सचिव सामएल मुर्मू, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मरकुश किस्कु, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नाजिर अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव बैजल टुडू, अल्पसंख्यक मोर्चा के सह सचिव महफूज आलम, वरिष्ठ कार्यकर्ता अबुल कलाम, ईस्लाम अंसारी, पंचायत अध्यक्ष चारलेश मरांडी, मथियास टुडू, सुनील मुर्मू, सुनील मरांडी, सिकंदर किस्कू, अशोक हेम्ब्रम, भैरो मुर्मू, विनोद किस्कु, पंचायत सचिव आरिफ अंसारी, अखलाक अंसारी, कोर्नेलियुस मुर्मू, एग्नेसीयूस मुर्मू, मनोज सोरेन, सोनम हाँसदा, दिलीप रजवार, आर्यन अंसारी, सुकुमार पंडित, सन्नी कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृतक नरेश महतो के परिजनों को दिलाया 7 लाख की सहायता और रोजगार

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**





**बड़कागांव/हजारीबागः** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड की चेपाकला पंचायत के जुगरा स्थित लोहा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में श्री नरेश महतो के असामयिक निधन पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन, एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत वार्ता की।

**परिवार के हित में हुए ये महत्वपूर्ण निर्णय**

लंबी वार्ता के बाद पीड़ित परिवार को राहत देने के लिए कई निर्णय लिए गएः

1. मृतक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियंका कुमारी के बैंक खाते में चेक के माध्यम से ?7 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी।
2. परिवार की महिला को एजेंसी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।
3. बच्चों का सिकरी स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय में नामांकन कराकर शिक्षा का संपूर्ण खर्च एनटीपीसी वहन करेगी।
4. दुर्घटना में घायल बच्चे के उपचार का पूरा खर्च भी कंपनी उठाएगी।
5. परिवार को विस्थापन से संबंधित सभी वैधानिक लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने पर सहमति बनी।

विधायक ने कहा कि ₹दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार को न्याय, सम्मान और हरसंभव सहयोग दिलाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मेरे लिए राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है। लिए गए निर्णयों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मैं स्वयं निगरानी रखूंगा। मौके पर उपस्थितः बड़कागांव अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, युवा भाजपा नेता सत्यजीत अलंकार, महामंत्री मनीष पांडे, आजसू पार्टी केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, चेपाकला मुखिया अनिकेत नायक, रामेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, मोहन महतो, प्रमोद कुमार, तुलेश्वर महतो, राजू कुमार, मनोज महतो, राजू महतो, प्रदीप कुमार, राम कुमार महतो, दिलेश्वर महतो, जुगेश्वर महतो, वैजनाथ महतो सहित भाजपा एवं आजसू के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार के प्रयास से ग्राम देवरिया खुर्द का दो खराब चापानल हुआ चालू

**झारखंड जागरण संवाददाता**



**केरेड़ारी/हजारीबागः** क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार के प्रयास से ग्राम देवरिया खुर्द में दो खराब पड़े चापानल को विभागीय शिकायत के बाद पुनः चालू कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से चापानल खराब होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलते ही जागेशवर कुमार ने संबंधित विभाग से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई और मौके पर कार्य कराकर चापानल को चालू करवाया। चापानल के शुरू होते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार के इस त्वरित कदम की सराहना की। मौके पर उपस्थितः बबलू राम, अजय कुमार यादव, उदय कुमार यादव, संजय कुमार यादव, निर्मल यादव, शंकर यादव, उमेश यादव, अयोध्या यादव, सुरेंद्र यादव, जमुना यादव, लखन यादव, लक्ष्मण कुमार सहित दर्जनों महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने कहा कि जागेश्वर कुमार हमेशा गांव की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

## एनएमएल-सीबीसीएमपी द्वारा भूमि प्रभावित परिवारों को अन्यूटी (पेंशन) प्रमाण-पत्र वितरित

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**



**केरेड़ारीः** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (NML) के चट्टी बरियातु कोल माइनिंग प्रोजेक्ट (CBCMP) द्वारा शनिवार को साइट ऑफिस, पगार स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में भूमि प्रभावित परिवारों (PAPs) के लिए अन्यूटी (पेंशन) प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केरेड़ारी प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुनीता देवी, चट्टी बरियातु पंचायत के मुखिया श्री झरी लाल महतो, पचड़ा पंचायत के मुखिया श्री महेश साव, चट्टी बरियातु पंचायत की पंचायत समिति सदस्य श्रीमती अनीता देवी, परियोजना के सभी विभागाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

30 वर्षों तक मिलेगी मासिक पेंशन

कार्यक्रम के दौरान भूमि प्रभावित परिवारों को अन्यूटी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह अन्यूटी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के माध्यम से दी जाती है। योजना के तहत अन्यूटी की प्रारंभ तिथि से लगातार 30 वर्षों तक मासिक पेंशन देय होगी। इसके अंतर्गत 1 एकड़ तक भूमि के लिए 2,500 प्रति माह तथा 1 एकड़ से अधिक भूमि के लिए 3,000 प्रति एकड़/प्रति माह की दर से पेंशन दी जाएगी। साथ ही पेंशन राशि में प्रत्येक 2 वर्ष पर निर्धारित वृद्धि का भी प्रावधान है। परियोजना प्रबंधन ने कहा कि इस योजना से पात्र लाभार्थियों एवं उनके परिवारों को दीर्घकालिक आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। एनएमएल-सीबीसीएमपी भूमि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, सामाजिक सुरक्षा तथा क्षेत्र के सतत एवं समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सीएसआर गतिविधियां संचालित करता रहेगा।

CSR के तहत वाटर प्यूरीफायर भी भेंट इस अवसर पर एनएमएल-सीबीसीएमपी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत सामुदायिक उपयोग के लिए एक वाटर प्यूरीफायर भी उपलब्ध कराया गया।

## केरेड़ारीः मीडिया प्रभारी जागेशवर कुमार की जान को खतरा, सुपारी देकर हत्या की साजिश का लगाया आरोप, थाने में दिया आवेदन

**झारखंड जागरण संवाददाता**



**केरेड़ारी/हजारीबागः** केरेड़ारी प्रखंड क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के लिए चर्चित विधायक मीडिया प्रतिनिधि एवं समाजसेवी जागेशवर कुमार ने अपनी जान को खतरा बताते हुए केरेड़ारी थाना में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उनकी हत्या के लिए 50 हजार रुपये और 3 पिस्टल की सुपारी दी थी।

क्या है मामला

जागेशवर कुमार ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि दिनांक 11/07/2026 को सुबह 9:45 बजे मोबाइल नंबर 8935999167 से संदीप कुमार पिता गुलाब साव मेरा नंबर 9939727012 पर कॉल आया। फोन करने वाले ने बताया कि विकास कुमार पिता स्व. नागेश्वर साव और पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर साव पिता बुधन साव तथा कुछ अज्ञात लोगों ने मिलकर उनकी हत्या की सुपारी दी है। आगे संदीप कुमार ने यह भी बताया कि मेरे साथ उपेंद्र कुमार पिता जुगल साव मेरे ही गांव के है जो साथ में था।आवेदन में कहा गया है कि सुपारी के बदले 50,000 रुपये नकद और 3 पिस्टल दिए गए थे। लेकिन सुपारी लेने वालों ने कहा कि ₹जागेशवर कुमार मीडिया प्रभारी गांव का अच्छा और निशुल्क काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें नहीं मारा जाएगा₹ और रुपये व पिस्टल वापस कर दिए।

**पहले भी हो चुकी है मारपीट**

जागेशवर कुमार ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया कि इसके पहले भी उनके साथ मारपीट और मोबाइल छीनने की घटना हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज के हित में रिश्वतखोरी के खिलाफ आवाज उठाई थी, जिसके कारण मुखिया एवं मुखिया पति का निलंबन हुआ था। इसी से नाराज होकर उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उनका कहना है कि इस संबंध में थाना में सनह सं. रढएठ 17/24 एवं कांड सं. 33/24, 279/23, 181/25, 107 दर्ज हैं जो न्यायालय में लंबित हैं।

**ऑडियो रिकॉर्डिंग का हवाला, सुरक्षा की मांग**

मीडिया प्रभारी ने पुलिस को बताया कि धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास साक्ष्य के रूप में मौजूद है। उन्होंने आशंका जताई कि उपरोक्त लोग दोबारा साजिश कर उनकी हत्या करवा सकते हैं। इन लोगों के पास अवैध हथियार भी हैं जो समाज के लिए खतरा हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई और अपनी व परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि र.ऊढ.ड. बड़कागांव और र.ढ. हजारीबाग को भी भेजी गई है।

## अमड़ापाड़ा में महिला हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा, एक बालक निरुद्ध

**अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**अमड़ापाड़ाः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के चर्चित जेटके टोला महिला हत्या कांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दिनांक 8 जुलाई 2026 को अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के जेटके टोला में एक महिला की घर में सोए हुए अवस्था में सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 51/26 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल में अमड़ापाड़ा थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा,एसआई चंदन कुमार,बुद्धिलाल मुर्मू,सुखदेव साहा, हवलदार सतपाल कुमार एवं पुलिस बल के अलावा तकनीकी शाखा, एफएसएल (रांची) की टीम तथा डॉग स्क्वाड को भी शामिल किया गया।विशेष छापेमारी दल ने ह्यूमन इंटेलिजेंस, वैज्ञानिक जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले का सफल उद्भेदन करते हुए एक बालक को निरुद्ध किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी, खून से सना टी-शर्ट तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है

## पूर्व विधायक अकेला ने किया 1001 पौधों का वितरण, बोले- भगहर जंगल में पेड़ों की कटाई पर लगे तत्काल रोक

**झारखंड जागरण संवाददाता**




**चौपारण (हजारीबाग) :** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड के बच्छई पंचायत स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सिंघरावां मोड़ परिसर में रविवार को हरियाली दूत दिनेश साव के एक पेड़,एक जिंदगी अभियान के तहत 1001 फलदार एवं छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने पौधों का वितरण कर अभियान की शुरूआत की और पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर हरियाली दूत एवं विद्यालय निदेशक दिनेश साव ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन सुरक्षित करने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि वे अब तक 30 हजार से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। उनके लगाए गए हजारों पौधे आज विशाल वृक्ष बनकर लोगों को फल, छाया और स्वच्छ वातावरण दे रहे हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण भी समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने वन विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भगहर जंगल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है और लकड़ियां महुआ शराब की भट्ठियों में खपाई जा रही हैं। उन्होंने वन विभाग से इस पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर पूर्ण विराम लगाने की मांग की। वनपाल प्यारे लाल साव ने दिनेश साव के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें हरियाली दूत के साथ धरती पुत्र की संज्ञा दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भगहर सहित अन्य जंगलों में अवैध कटाई रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम का संचालन सक्रिय शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया। इस दौरान सिंघरावां मोड़ पर आम का पौधा भी लगाया गया। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, समाजसेवी रामलखन राणा, वरिष्ठ नेता गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश साव, पंसस प्रतिनिधि बीरबल साहू, बिंदो साव, बरही हरियाली दूत सुरेंद्र यादव, संतोष कुमार रजक, राजेश साव, प्रमोद नायक, उपमुखिया संजय गुप्ता, महादेव साव, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## युवा अधिवक्ता का आकस्मिक निधन, शोक

**हजारीबाग :** बार एसोसिएशन हजारीबाग के युवा अधिवक्ता मोहम्मद मुख्तार (39)का निधन 12 जुलाई को हो गया। वह पिछले दो वर्षों से बीमार चल रहे थे शहर की चिश्तिया मोहल्ला स्थित अपने आवास में उन्होंने रविवार सुबह लगभग 6:00 बजे अंतिम सांस ली . वे 2020 से अधिवक्ता संघ से जुड़कर वकालत कर रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी व दो पुत्री को छोड़कर गए हैं .उनके निधन के बाद बार एसोसिएशन में शोक की लहर दौड़ गई। सभी अधिवक्ताओं ने एक सुर में कहा कि स्वर्गीय मुख्तार बहुत ही नेक, मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उनका इस तरह से जाना बार में अपूर्णीय क्षति है। जिसे कभी पूरा नही किया जा सकता। बार एसोसिएशन के प्रभारी संयुक्त सचिव कुणाल कुमार ने बताया कि स्वर्गीय मुख्तार के निधन के बाद 13 जुलाई को बार एसोसिएशन में शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। शोक सभा के बाद सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अपने आप को अलग रखेंगे।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर बीएलए-1 के साथ विधानसभा स्तरीय बैठक



**हजारीबाग।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 24-मांडू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अपर समाहर्ता श्री महेंद्र छोटन उरांव की अध्यक्षता में आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision-SIR), 2026 के अंतर्गत चल रहे गणना (इनुमेरेशन) चरण के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के उद्देश्य से बीएलए-1 (Booth Level Agent-1) के साथ विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई।बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, पात्र मतदाताओं के नामों के सत्यापन, नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृत, स्थानांतरित एवं अपात्र मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सभी बीएलए-1 से निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए बूथ स्तर पर सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है। इसके लिए सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।बैठक में बीएलए-1 को गणना (इनुमेरेशन) चरण से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या समस्या की सूचना तत्काल संबंधित बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) अथवा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी बीएलए-1 ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 22 चक्का कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत, आमझर में पसरा मातम



**बलियापुर/सिंदरीः** बलियापुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर स्थित प्रज्ञान्य बी.एड. कॉलेज के समीप हीरक रोड पर शनिवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आमझर पंचायत की छात्रा पाखी मंडल की मौत हो गई, जबकि उनके पिता रंजीत मंडल घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7:30 बजे पाखी मंडल अपने पिता के साथ हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस (संख्या जे एच10ए डी 6667) से बलियापुर बाजार से घर लौट रही थीं। इसी दौरान 22 चक्का कोयला लदा ट्रक (संख्या जे एच10सी एन6648) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में पाखी मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।रविवार को पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव आमझर पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। मृतका की माता बीना मंडल, पिता रंजीत मंडल तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर आठ घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम कर दिया। रविवार सुबह लगभग 4 बजे पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ। मौके पर पहुंचे बलियापुर अंचल अधिकारी मुरारी नायक ने ग्रामीणों की मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने मांग की कि भारी वाहनों का परिचालन रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक ही किया जाए तथा प्रधानखंता ओवरब्रिज की मरम्मत शीघ्र पूरी कर उसे चालू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।घटना को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग की तीन सदस्यीय सड़क सुरक्षा टीम ने रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने दुर्घटना के कारणों की तकनीकी जांच की तथा सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर कई वाहनों से जुमार्ना भी वसूला।जांच दल में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, सड़क सुरक्षा अभियंता अमरेश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक देवेंद्र कुमार, बलियापुर थाना के उपनिरीक्षक हसरत जमाल तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## हजारीबाग नगर निगम अनाधिकृत एवं असुरक्षित होर्डिंग्स/यूनिपोल हटाने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम

**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुमति स्थापित किए गए अनाधिकृत एवं असुरक्षित विज्ञापन होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य विज्ञापन संरचनाओं के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में नगर निगम ने 10 जुलाई को आम सूचना जारी करते हुए संबंधित व्यक्ति, फर्म एवं विज्ञापन एजेंसियों को 72 घंटे के भीतर सभी अवैध संरचनाएं स्वयं हटाने का निर्देश दिया है।नगर निगम ने बताया कि 08 जुलाई 2026 को आयोजित बोर्ड बैठक में यह जानकारी प्राप्त हुई कि पीटीसी चौक, भारत माता चौक, इमली कोठी, शिमला रेस्ट हाउस के सामने, झील के समीप तथा नगर निगम क्षेत्र के अन्य प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर सक्षम प्राधिकार की अनुमति, स्वीकृति एवं निगम में आवश्यक पंजीकरण के बिना बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में अवैध विज्ञापन होर्डिंग्स एवं यूनिपोल स्थापित किए गए हैं। इनमें से कई संरचनाएं सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए लगाई गई हैं, जिससे आम नागरिकों की जान-माल को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।नगर निगम के संज्ञान में यह भी आया है कि एक असुरक्षित एवं अनाधिकृत होर्डिंग संरचना की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो चुका है। ऐसे में भविष्य में किसी भी अप्रिय दुर्घटना की आशंका को देखते हुए तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो गई है। इसके अतिरिक्त, इन अवैध विज्ञापन संरचनाओं के कारण नगर निगम को राजस्व की भी क्षति हो रही है।नगर निगम ने सभी संबंधित व्यक्ति, फर्म एवं विज्ञापन एजेंसियों को निर्देश दिया है कि सूचना प्राप्त होने की तिथि से 72 घंटे के भीतर अपने-अपने सभी अनाधिकृत होर्डिंग्स, यूनिपोल एवं अन्य विज्ञापन संरचनाओं को स्वयं हटाकर अनुपालन प्रतिवेदन नगर निगम के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि किसी पक्ष को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह निर्धारित अवधि के भीतर अपना कारण स्पष्ट करते हुए लिखित जवाब प्रस्तुत कर सकता है।निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में नगर निगम अपने संसाधनों से सभी अवैध संरचनाओं को हटाकर एवं जब्त करेगा। साथ ही हटाने में होने वाले समस्त व्यय की वसूली संबंधित उत्तरदायी पक्ष से की जाएगी तथा प्रचलित विधि के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

# ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट राष्ट्रहित में है, इसका विरोध करना चीन का खुलकर समर्थन करने जैसा है



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर छिड़ी बहस के बीच, इसे हिंद महासागर में चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का मुकाबला करने और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मलक्का जलडमरूमध्य पर भारत की यह सामरिक बढ़त देश के आर्थिक और रणनीतिक भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर देश में तीखी बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस परियोजना को देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध और घोटाला बताया है। उन्होंने अपने दौरे के बाद कहा कि यहां के घने जंगल, जो सदियों में विकसित हुए हैं, अब बड़े पैमाने पर काटे जाने के खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 160 वर्ग किलोमीटर वर्षावन क्षेत्र को समाप्त किया जाएगा और लाखों पेड़ों की कटाई होगी, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। राहुल गांधी ने इसे विकास के नाम पर विनाश बताया और कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। उनका आरोप है कि स्थानीय समुदायों की सहमति के बिना उनकी जमीन और संसाधनों को छीना जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस की ओर से पहले भी इस परियोजना को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसमें इसे शोंपेन जनजाति और द्वीप के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बताया गया। सोनिया गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुए समाचार-पत्रों में एक विस्तृत लेख लिखा था।

दूसरी ओर, इस परियोजना को देश की सामरिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नीति आयोग द्वारा तैयार और केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना की लागत लगभग 81000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसमें चार प्रमुख घटक शामिल हैं, जिनमें एक विशाल ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, ऊर्जा संयंत्र और सैन्य ढांचे का विस्तार शामिल है। हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की भौगोलिक स्थिति इसे विशेष बनाती है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार के पास स्थित है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। चीन का लगभग 80 प्रतिशत तेल आयात और उसका बड़ा व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति उसे सामरिक बढ़त दिला सकती है।



विशेषज्ञों का मानना है कि गैलेथिया खाड़ी में बनने वाला बंदरगाह भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार में नई पहचान दिला सकता है। हम आपको बता दें कि वर्तमान में भारत का लगभग 25 प्रतिशत माल विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से स्थानांतरित होता है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। इस परियोजना के पूरा होने पर भारत इस निर्भरता को समाप्त कर सकता है और अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत कर सकता है। चीन की रणनीति को देखते हुए यह परियोजना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले दो दशकों में चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में कई बंदरगाह विकसित किए हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स कहा जाता है। इनमें पाकिस्तान का ग्वादर, श्रीलंका का हम्बनटोटा और म्यांमार का क्याउकफ्यू शामिल हैं। इनका उद्देश्य समुद्री मार्गों पर प्रभाव बढ़ाना और भारत को घेरना है।

इसके जवाब में भारत ने भी अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर समुद्री रणनीति विकसित की है, जिसे नेकलेस ऑफ डायमंड्स कहा जाता है। इसमें ओमान, इंडोनेशिया और सेशेल्स जैसे देशों में बंदरगाहों तक पहुंच और सैन्य सहयोग शामिल है। ग्रेट निकोबार इस रणनीति का केंद्र बिंदु माना जा रहा है। इसके अलावा, हाल के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम भी इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के उपयोग से वैश्विक तेल आपूर्ति पर प्रभाव डालने की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समुद्री मार्गों पर नियंत्रण किसी भी देश के लिए कितना शक्तिशाली साधन हो सकता है। इस स्थिति में यदि भारत मलक्का जलडमरूमध्य के पास अपनी स्थिति मजबूत करता है, तो यह उसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बना सकता है।

मोदी सरकार का कहना है कि परियोजना को पर्यावरणीय और सामाजिक सुरक्षा मानकों के तहत स्वीकृति दी गई है। शोंपेन जनजाति की सुरक्षा के लिए विशेष नीतियां, निगरानी तंत्र और अन्य उपाय लागू किए गए हैं। सरकार के अनुसार परियोजना द्वीप के कुल क्षेत्रफल के सीमित हिस्से पर ही आधारित है और विकास तथा संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि इस परियोजना का विरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रहा है। कुछ विदेशी संगठनों ने इसे जनजातीय अस्तित्व के लिए खतरा बताया है। लेकिन इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को देखते हुए यह साफ नजर आ रहा है कि चीन के समर्थक कभी नहीं चाहेंगे कि भारत की यह परियोजना साकार रूप ले सके।

उधर, रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है और इस पर आगे बढ़ने का समय आ गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख आर.के.एस. भदौरिया ने विभिन्न साक्षात्कारों और समाचारपत्रों में अपने आलेखों के जरिये इस परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने लिखा है कि विपक्ष के नेता ने हाल में इस द्वीप का दौरा किया और सोशल मीडिया के माध्यम से परियोजना को इकोलॉजी और पर्यावरण के विनाश का कारण बताते हुए एक बड़ा घोटाला और 'राष्ट्रीय धरोहर के खिलाफ अपराध' करार दिया। उन्होंने लिखा है कि पर्यावरण की चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन जब राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और भविष्य की रणनीतिक दिशा की बात हो, तो तस्वीर का केवल एक हिस्सा देखना उचित नहीं लगता। यह परियोजना देश के भविष्य की एक सख्त सामरिक और आर्थिक आवश्यकता है।

आर.के.एस. भदौरिया लिखते हैं कि भारत लंबे समय तक अपनी सुरक्षा सोच में भूमि-सीमाओं पर अधिक केंद्रित रहा। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक शक्ति का केंद्र है। ग्रेट निकोबार का भूगोल अपने आप में भारत के लिए एक प्राकृतिक वरदान है। यह द्वीप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित है और स्ट्रेट ऑफ मलक्का के पश्चिमी प्रवेश द्वार से मात्र 40 समुद्री मील की दूरी पर है। इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया का लगभग 30% कंटेनर व्यापार इसी रास्ते से होकर गुजरता है। उन्होंने लिखा है कि मैंने अपने कॅरियर में कई बार महसूस किया कि जब आपकी निगरानी की क्षमता सीमित होती है, तो आपकी प्रतिक्रिया भी सीमित हो जाती है। लेकिन जब आपके पास अग्रिम मोर्चे पर ठोस ढांचा हो यानि हवाई पट्टी, बंदरगाह, संचार प्रणाली आदि हो तो आप स्थिति को नियंत्रित करने की स्थिति में आ जाते है। उन्होंने लिखा है कि ग्रेट निकोबार को अनसिंकेबल एअरक्राफ्ट कैरियर कहा जाता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी। कुछ पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं। आय के स्रोत विकसित होंगे। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम बरतें। धार्मिक कार्यों में खर्च होने की संभावना है। नए कार्य का शुभारंभ कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ मिलेगा। परिवार के सदस्यों के बीच पुराना तनाव खत्म होगा और रिश्ते मजबूत बनेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं। परिवारजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्ति हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थ और उत्साही बने रहेंगे। अपनी वाणी पर संयम बरतें। नए कार्यों को शुरू करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से मन खुश रहेगा।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है। धन संबंधित लेन-देन में सतर्क बरतें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। धार्मिक कार्य तथा किसी यात्रा पर जा सकते हैं। दफ्तर में कार्यभार के कारण थकान महसूस हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से व्याकुलता का अनुभव रहेगा। परिवार के साथ समय गुजारेंगे और खूब मजा करेंगे।

**कर्क राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? की संभावना रहेगी। वाहन के रख-रखाव में खर्च बढ़ेंगे। अपनी भावनाओं को वश में रखें। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। वाणी पर संयम बरतें। क्रोध से काम बिगड़ सकते हैं। धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की सहायता करेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा। सहकर्मियों से लाभ मिलेगा। अपने कार्यों से आपको यश की प्राप्ति होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और खान-पान पर विशेष ध्यान दें। घर में परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। सोच समझ कर लिए गए फैसले आपको खुशी देंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे। मित्रों और प्रियजनों के साथ अच्छा समय बीतेगा। नए वाहन का सुख मिल सकता है। आर्थिक दृष्टि से लाभ रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। प्रियजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। परिवार में कलह होने की संभावना है। मानसिक तनाव बढ़ सकता है। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। अधिक धन खर्च हो सकता है। सामाजिक समारोह में भाग लें और नए दोस्त बनाने में समय व्यतीय करें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आपके द्वारा परोपकार का कार्य हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होने की संभावना है। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। मेहनत से किये गये काम सफल होंगे और आपकी अलग पहचान बनेगी।

**धनु राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक खर्च और परिवार में वाद-विवाद से बचें। नकारात्मक मानसिकता आपको नुकसान पहुंचा सकती है। सामाजिक कार्यों में अपने को व्यस्त रखें।

**मकर राशि :-** आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें, क्योंकि कोई छोटी सी बहस भी बड़े झगड़े में परिवर्तित हो सकती है। खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना है। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी नई सोच की वजह से कार्य में नयापन ला सकेंगे।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक बढ़ेगा। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद करने से बचें। संतान या रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। खान-पान का ध्यान रखें। यात्रा पर जाने से बचें।

**मीन राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। दोस्तों से मुलाकात होगी और उनके सहयोग से लाभ प्राप्त होगा। धन और यश की हानि होने की संभावना है। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार के घर मांगलिक प्रसंग में जा सकते हैं। दांपत्य जीवन का सुख और आनंद मिलेगा।

# सख्त निगरानी का समय

बीस यू-ट्यूब चैनलों और दो वेबसाइटों को भारत-विरोधी दुष्प्रचार का दोषी मानते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए जाने और यू-ट्यूब प्रबंधन को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश बताता है कि वर्चुअल दुनिया की गतिविधियां अब कितनी गंभीर हो चली हैं और इन गतिविधियों ने कितने व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। आंकड़े तस्दीक करते हैं कि इन चैनलों ने कितनी बड़ी पहुंच बना ली थी। इन तमाम चैनलों के ह्यसब्सक्राइबर्सह्ल की संख्या 35 लाख से ऊपर पहुंच गई थी और उनके ह्यवीडियोजह्ल को 55 करोड़ से भी अधिक बार देखा जा चुका था। जाहिर है, इनके विष वमन को बंद करना बहुत जरूरी था। कायदे से यह कार्रवाई उसी समय हो जानी चाहिए थी, जब इन चैनलों के खिलाफ नियामक संस्था में पहली शिकायतें आई थीं। चूंकि साइबर दुनिया की प्रकृति ही ऐसी है कि यहां मिनटों में असंख्य लोगों तक पहुंच बन जाती है, ऐसे में इसकी निगरानी करने वाले तंत्र को भी उतनी ही तत्परता बरतनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब भारत के खिलाफ इस तरह के हथकंडे अपनाए गए हैं, और इनके पीछे किन-किन देशों का हाथ है, यह भी कोई ढकी-छिपी बात नहीं है, खासकर जम्मू-कश्मीर में लोगों को भड़काने के लिए पाकिस्तानी मीडिया के एक धड़े और देश प्रायोजित स्वतंत्र संस्थाएं दशकों से यह काम करती रही हैं। समय-समय पर भारत सरकार ने घाटी में उनके प्रसारण को रोकने के कदम भी उठाए हैं, लेकिन यह दुष्प्रवृत्ति अब हमारे भूगोल के किसी एक हिस्से तक सीमित नहीं है, उनके निशाने पर हमारा पूरा सामाजिक ताना-बाना और भारत राष्ट्र की शांति-व्यवस्था है। इसलिए कभी ये अल्पसंख्यक समुदायों को लक्षित करके, तो कभी भारतीय सेना के बारे में फर्जी तस्वीरों, वीडियो फुटेज व सामग्रियां प्रसारित करते रहे हैं, ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके। निस्संदेह, सच्चाई को निरूपित करने वाली सूचनाएं भी सोशल मीडिया में उतनी ही तेजी से सामने आती हैं, मगर जरूरी नहीं कि दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुके सभी लोगों तक वे पहुंच ही जाएं या वे मानसिक-बौद्धिक रूप से इतने परिपक्व हों कि सच-झूठ में फर्क कर सकें! ऐसे में, मुफीद रास्ता यही है कि इन जहरीले स्रोतों पर ही वार किया जाए।

दुनिया काफी समय से दहशतगर्दों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल से वाकिफ है। चुनौती अब यह है कि इंटरनेट के विस्तार ने इसे गंभीर रूप देना शुरू कर दिया है। साइबर दुनिया बेहद अराजक है और संसार भर की सरकारें इससे परेशान हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के आर्थिक स्वार्थ ने भी राष्ट्र-समाज विरोधी तत्वों का काम आसान किया है। ऐसे में, सरकार को न सिर्फ निगरानी तंत्र को चाक-चौबंद करने, बल्कि बेहद पेशेवर तरीके से इस काम को अंजाम देने की जरूरत है। इन मंचों ने अभिव्यक्ति की आजादी को काफी मजबूत आधार दिया है। इसलिए निगरानी करते हुए नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी ख्याल रखना होगा। यही नहीं, देश के भीतर से भी सांप्रदायिक-जातीय वैमनस्य पैदा कर रहे लोगों-संगठनों के खिलाफ कदम उठाए जाने चाहिए। समय आ गया है कि साइबर सेल को शक्तिशाली बनाया जाए। इससे संबंधित कानून इतने सख्त हों कि इन माध्यमों का सांगठनिक रूप से या निजी तौर पर भी दुरुपयोग करने की हिमाकत कोई न करे।

# आखिर कब निकाले जाएंगे घुसपैठिए? केवल चुनाव के समय ही चर्चा करना ठीक नहीं

जब नागरिकता कानून में संशोधन किया गया था, तब यह कहा गया था कि उसे लागू करने के बाद राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर अर्थात एनआरसी का काम शुरू किया जाएगा, लेकिन फिलहाल ऐसे किसी अभियान की कोई चर्चा नहीं। हर किसी को पूछना चाहिए आखिर क्यों? राजीव सचान। जब बिहार विधानसभा के चुनाव हो रहे थे, तब बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उभरा था। उसके पहले झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी घुसपैठियों को बड़ा खतरा बताया गया था। चूंकि असम और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, इसलिए एक बार फिर घुसपैठियों की चर्चा हो रही है। पिछले दिनों बंगाल गए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बन जाए तो घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकाला जाएगा। इसके पहले उन्होंने असम में कहा था कि यदि इस राज्य में तीसरी बार भाजपा सरकार बन जाए तो घुसपैठियों को निकालने में देर नहीं होगी। इसका अर्थ है कि असम में पिछले लगभग दस वर्षों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने का काम नहीं किया जा सका। हर किसी को पूछना चाहिए आखिर क्यों? यह ठीक नहीं कि केवल चुनाव के समय घुसपैठियों की चर्चा की जाए और फिर कुछ न किया जाए। इससे तो घुसपैठिए और उन्हें घुसाने वाले सतर्क ही होते होंगे।बांग्लादेशी घुसपैठियों से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में असम है। बांग्लादेशी असम के अलावा मेघालय और त्रिपुरा के रास्ते से भी घुससैठ करते हैं। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाला घुसपैठिया मेघालय के रास्ते ही मुंबई आया था। बांग्लादेशी घुसपैठिए सीमावर्ती राज्यों में घुसकर इसलिए दूसरे राज्यों में जाने में सफल रहते हैं, क्योंकि वे कोई न कोई फर्जी पहचान पत्र हासिल कर लेते हैं। इसके बाद उनका काम आसान हो जाता है। पूर्वोत्तर और बंगाल में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी गुजरात, कर्नाटक और दिल्ली तक में बस गए हैं। यदा-कदा कुछ राज्य सरकारें उनकी पहचान करने का अभियान चलाती हैं, लेकिन अभी तक कोई अभियान प्रभावी नहीं सिद्ध हो सका है।आपरेशन सिंदूर के दौरान गुजरात में हजारों बांग्लादेशियों को पकड़ा गया था। यह स्वाभाविक ही है कि इस अभियान के समय तमाम बांग्लादेशी अन्य राज्यों में खिसक गए होंगे। जो कहानी बांग्लादेशी घुसपैठियों की है, वही रोहिंग्याओं की भी है। रोहिंग्या भी पूर्वोत्तर और बंगाल के रास्ते घुसपैठ करने के बाद जिस तरह दिल्ली, हैदराबाद और जम्मू तक में अपने ठिकाने बनाने में सफल हैं, उससे यह साफ है कि उन्हें भारत में लाने और बसाने का काम सुनियोजित तरीके से हो रहा है। इस काम में लिप्त लोग घुसपैठियों को फर्जी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का भी काम करते हैं। ऐसा काम करने वाले बंगाल में खूब सक्रिय हैं। निःसंदेह घुसपैठ रोकना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन



यह भी सही है कि यदि राज्य सरकारें इस काम में केंद्र का सहयोग नहीं करतीं तो घुसपैठियों की पहचान आसान नहीं। बंगाल सरकार का यह कहना तो ठीक है कि यदि घुसपैठ हो रही है तो उसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है, लेकिन केंद्र के इस सवाल का जवाब भी मिलना चाहिए कि राज्य प्रशासन की ओर से घुसपैठियों को लेकर कभी कोई शिकायत क्यों नही की जाती? तथ्य यह है कि बंगाल के किसी भी थाने से कोई ऐसी शिकायत नहीं मिलती कि बांग्लादेश से किसी ने अवैध तरीके से प्रवेश किया है। शिकायत इसलिए भी नहीं मिलती, क्योंकि स्थानीय नेता घुसपैठियों को अपने वोट बैंक के रूप में देखते हैं। एक समय ममता बनर्जी घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाती थीं, लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री बनने के बाद से वे घुसपैठियों को चिह्नित करने की किसी भी पहल का विरोध करती हैं। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर के विरोध की एक बड़ी वजह यही आशंका है कि कहीं इससे घुसपैठियों की पहचान न हो जाए। बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया शुरू होते ही सैकड़ों बांग्लादेशी अपने देश लौटने लगे थे। कुछ समय बाद उनके लौटने का सिलसिला थम गया। कोई भी समझ सकता है कि यह इसीलिए थमा, क्योंकि उन्हें यह भरोसा हो गया होगा कि इस कवायद से उनकी पहचान नहीं होने वाली। हैरानी नहीं कि उनके संरक्षक नेताओं ने ही उन्हें यह भरोसा दिलाया हो कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं। जो भी हो, इससे इन्कार नहीं कि भारत में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। असम और बंगाल में तो उनकी इतनी संख्या हो गई है कि उन्होंने न केवल आबादी के संतुलन को बुरी तरह बिगाड़ दिया है, बल्कि वे कई क्षेत्रों में चुनाव परिणाम प्रभावित करने की स्थिति में आ गए हैं, क्योंकि वे छल-कपट से मतदाता बन गए हैं। घुसपैठिए केवल देश के संसाधनों पर बोझ ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा भी हैं। अब यह खतरा और अधिक गंभीर हो सकता है, क्योंकि बांग्लादेश के साथ संबंध अब पहले जैसे नहीं रहे और इसका भरोसा नहीं कि वहां की नई सरकार की भारत से संबंध सुधारने में दिलचस्पी होगी। इन दिनों पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना हितैषी दिखाने के लिए न केवल हरसंभव जतन कर रहा है, बल्कि उसे भारत के खिलाफ उकसा भी रहा है।

# चुनाव सुधार बिल पास कराने को लेकर ऐसी हड़बड़ी क्यों दिखा रही सरकार?

आधार नंबर को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने की बात जब से शुरू हुई है, तभी से इसके संभावित दुरुपयोग की आशंकाएं जताई जा रही हैं। इन्हीं आशंकाओं की वजह से इसका विरोध भी देखा जा रहा है। 2015 में चुनाव आयोग की तरफ से आधार डेटा के सहारे मतदाता सूची से फर्जी नाम हटाने और दोहराव मिटाने का एक पायलट प्रॉजेक्ट शुरू किया गया था। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इस पहल पर रोक लगा दी थी।

विपक्ष के विरोध और उसकी ओर से व्यक्त की जा रही आशंकाओं के बीच जिस हड़बड़ी में चुनाव सुधार (संशोधन) विधेयक 2021 संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया, वह अच्छी मिसाल नहीं पेश करता। आधार नंबर को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने की बात जब से शुरू हुई है, तभी से इसके संभावित दुरुपयोग की आशंकाएं जताई जा रही हैं। इन्हीं आशंकाओं की वजह से इसका विरोध भी देखा जा रहा है। 2015 में चुनाव आयोग की तरफ से आधार डेटा के सहारे मतदाता सूची से फर्जी नाम हटाने और दोहराव मिटाने का एक पायलट प्रॉजेक्ट शुरू किया गया था। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इस पहल पर रोक लगा दी थी। यह बात बार-बार स्पष्ट होती रही है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल पते के सबूत के रूप तो किया जा सकता है, लेकिन इसे किसी की नागरिकता का प्रमाण नहीं करार दिया जा सकता। हालांकि मौजूदा विधेयक में आधार नंबर को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने की व्यवस्था को ऐच्छिक रखा गया है और इसी आधार पर सरकार इसके विरोध को अनावश्यक बता रही है, लेकिन इससे उस हड़बड़ी का औचित्य नहीं साबित होता जो बिल पास करने में दिखाई गई है। राज्यसभा में इसे विपक्ष के वॉकआउट के बाद पारित किया गया। लोकसभा में भी इस पर ठीक से बहस नहीं हो सकी। विपक्षी सांसदों को संशोधन सुझाने का मौका नहीं मिला। कई नेता कहते पाए गए कि विपक्ष के 12 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित करने का संभवतः यही उद्देश्य था कि राज्यसभा से यह बिल विपक्ष के विरोध के बावजूद आसानी से पारित करा लिया जाए। चुनाव सुधार की एक महत्वपूर्ण पहल को लेकर विपक्ष में इस तरह का अविश्वास बनने देना संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

दिलचस्प यह भी है कि कानून मंत्री ने विधेयक का समर्थन करते हुए विपक्षी सदस्यों की यह कहकर आलोचना की कि वे इस विधेयक को समझ ही नहीं पाए हैं। अगर इस आलोचना को सच मान लिया जाए, तब भी क्या सरकार के लिए यह जरूरी नहीं था कि ऐसे तमाम सदस्यों को विधेयक समझने का पूरा मौका देती, उनके साथ विस्तृत बातचीत और बहस चलाकर उन्हें पूरी जानकारी मुहैया कराती, उनकी आशंकाएं दूर करती? ऐसी ही हड़बड़ी में बनाए गए कृषि कानूनों ने सरकार को कितनी असुविधाजनक स्थिति में डाला और कैसे कृषि सुधार के अजेंडे को पीछे की ओर धकेल दिया, यह सब देख चुके हैं। खुद प्रधानमंत्री ने तीनों कानून वापस लेते हुए इस बात पर अफसोस जताया कि सरकार किसानों को समझा नहीं पाई। ऐसे में यह और ज्यादा जरूरी था कि चुनाव सुधार जैसे महत्वपूर्ण कदम पर सरकार सावधानी बरतती। संसदीय लोकतंत्र में असहमति के लिए तो हमेशा गुंजाइश रहती है, इसे हर कीमत पर बनाए भी रखना चाहिए, लेकिन संदेहों और आशंकाओं को पलने देना ठीक नहीं होता।



# अपहरण के कुछ घंटों में ही हुई बंटी की हत्या, पांच दिन तक तलाशती रही एसआईटी, कैसे खुला राज



**एजेंसी**

**पटनाः** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट इलाके से 6 जुलाई की रात अगवा किए गए कारोबारी बंटी कुमार की हत्या अपहरण वाले दिन ही कर दी गई थी. पुलिस की विशेष जांच टीम (SIT) पांच दिनों तक उनकी तलाश करती रही. आखिरकार लगातार हुई बारिश ने उस राज से पर्दा उठा दिया, जिसे आरोपियों ने बालू में दफन कर छिपाने की कोशिश की थी.

**अथमलगोला में मिला सड़ा-गला शव**

शनिवार को अथमलगोला थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक गड्ढे से बंटी कुमार का सड़ा-गला शव बरामद किया गया. शव की हालत बेहद खराब थी. चेहरे का बड़ा हिस्सा और एक हाथ गल चुका था, जबकि सिर मिट्टी में दबा हुआ मिला. शरीर पर केवल बनियान और अंडरवियर था.

**कलावा और कड़े से हुई पहचान**

शव की पहचान परिजनों ने हाथ में बंधे कलावा, कड़ा और पैर में लगी रॉड के आधार पर की. पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम (FSL) को बुलाकर साक्ष्य भी जुटाए, ताकि हत्या से जुड़े अहम सुराग मिल सकें.

**शरीर पर मिले कई चोटों के निशान**

प्रारंभिक जांच में बंटी कुमार के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं. आशंका है कि अपहरण के बाद आरोपियों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की. जब वह अधमरी हालत में पहुंच गए, तब गला दबाकर उनकी हत्या कर दी गई. इसके बाद शव को अथमलगोला के सूर्यपुरा गांव के पास गड्ढे में डालकर बालू और पत्तों से ढंक दिया गया. पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि बंटी को अथमलगोला ले जाकर प्रताड़ित किया गया और अधमरी हालत में ही दफना दिया गया हो.

**बारिश बनी हत्या का सबसे बड़ा गवाह**

पिछले दो दिनों में हुई बारिश के कारण गड्ढे में डाली गई बालू और पत्तियां हट गईं. इससे शव का कुछ हिस्सा बाहर दिखाई देने लगा. भैंस चरा रहे एक युवक की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही अथमलगोला थाना पुलिस और बाढ़ एसडीपीओ रामकृष्ण मौके पर पहुंचे. जांच के बाद परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान बंटी कुमार के रूप में की.

**मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर**

बंटी कुमार के परिजनों ने 7 जुलाई को रवीश, रोहित, एक किन्नर सहित सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस ने अब तक कच्ची दरगाह निवासी रितेश कुमार, रवीश के भाई बजरंगी और ऑटो चालक रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.हालांकि परिजनों का आरोप है कि इस पूरे मामले का मुख्य आरोपी रवीश अभी भी फरार है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने में सफल नहीं हुई है.

**पुलिस हर पहलू से कर रही जांच**

पुलिस इस सनसनीखेज अपहरण और हत्या मामले की हर पहलू से जांच कर रही है. फॉरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर हत्या की पूरी साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है.

# बिहार में 2.75 करोड़ का गबन कर पदाधिकारी फरार, मुजफ्फरपुर से अररिया तक छापेमारी

**अररियाः** बिहार के मुजफ्फरपुर के साहेबगंज नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक अधिकारी (ईओ) रंधीर लाल पर 2.75 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया गया है. उनकी गिरफ्तारी के लिए शनिवार को साहेबगंज थाना पुलिस ने उनके आवास और वर्तमान पदस्थापना वाले फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय में छापेमारी की, लेकिन रंधीर लाल पहले ही फरार हो चुके थे.

**दोनों थानों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाईः** छापेमारी में साहेबगंज थाना के सब-इंस्पेक्टर कुणाल कुमार के नेतृत्व में फारबिसगंज थाना के एसआई अमित राज, उपेंद्र शर्मा, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार सहित पुलिस बल शामिल रहा।



पुलिस टीम शुक्रवार देर रात उनके आवास पर भी पहुंची थी, लेकिन वे वहां नहीं मिले.

**GeM पोर्टल पर खरीद में बड़े घोटाले का आरोपः** रंधीर लाल पर साहेबगंज नगर परिषद में पदस्थापित रहते हुए GeM पोर्टल के माध्यम से 3000 स्ट्रीट लाइट, रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, हाई मास्ट लाइटिंग टावर और CCTV कैमरों की खरीद में नियमों की अवहेलना और वित्तीय अनियमितता का आरोप है. नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है.

**FIR दर्ज, इन धाराओं में केसः** साहेबगंज थाना में कांड संख्या 344/2026 दर्ज की गई है. भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 316(5) और 318(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है. आरोप है कि उन्होंने विभागीय निर्देशों की अवहेलना करते हुए अनियमित तरीके से सामग्री खरीदी.

**मामले में सख्त एक्शन की तैयारीः** पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच चल रही है. इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी. रंधीर लाल की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

# जेडीयू से निष्कासित होने के बाद छोटू सिंह पर सम्राट सरकार का एक्शन, नागरिक परिषद से भी किया बाहर



**एजेंसी**

**पटनाः** जेडीयू में अनुशासनहीनता के मामले में पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह उर्फ छोटु सिंह पर बड़ी कार्रवाई की गई. प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था. इसके साथ ही अब सम्राट चौधरी सरकार ने भी उन्हें नागरिक परिषद से बाहर कर दिया है. यह कार्रवाई छोटू सिंह की बढ़ती अनुशासनहीन गतिविधियों के चलते की गई है.

**अशोक चौधरी के माने जाते थे सबसे करीबीः** छोटू सिंह को मंत्री अशोक चौधरी का बेहद करीबी नेता माना जाता था. अशोक चौधरी के साथ हर कार्यक्रम में दिखने वाले छोटू सिंह जेडीयू के ज्यादातर कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे. नीतीश कुमार के कार्यक्रमों में भी वे फूल माला लेकर सबसे आगे रहते थे. हालांकि इस बार उन्हें प्रदेश कमेटी में जगह नहीं दी गई, जिससे वे काफी नाराज थे.

**प्रदेश कमेटी में जगह न मिलने से नाराजगीः** प्रदेश कमेटी में स्थान न दिए जाने से छोटू सिंह नाराज हो गए और उन्होंने पार्टी के कुछ नेताओं पर आरोप लगाने शुरू कर दिए. वे जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर पहुंचे, वहां शिकायत की और बहस भी कर बैठे. उनकी इस बर्ताव को अनुशासनहीनता माना गया जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया.

**जनसुनवाई में मंत्रियों के बगल में बैठने का विवादः** कार्रवाई का एक बड़ा कारण जनसुनवाई कार्यक्रमों में छोटू सिंह का मंत्रियों के बगल में बैठना भी रहा. जेडीयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वे इस तरह बैठने लगे थे जो कई नेताओं को पसंद नहीं आ रहा था. इसके चलते उन्हें जनसुनवाई कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक भी दिया गया था.

**पार्टी ने दिया सख्त संदेशः** पार्टी सूत्रों के अनुसार छोटू सिंह पर की गई यह कार्रवाई एक साफ संदेश है कि जो भी नेता पार्टी के नेतृत्व के फैसलों का विरोध करेगा या अनुशासन तोड़ेगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा. प्रदेश कमेटी में जगह न मिलने से कई अन्य नेताओं में भी नाराजगी है, लेकिन पार्टी अब अनुशासन बनाए रखने पर जोर दे रही है.

**जेडीयू में सख्ती का दौर शुरूः** छोटू सिंह की निष्कासन की खबर से जेडीयू में चचाएं तेज हो गई हैं. पार्टी नेतृत्व का मानना है कि ऐसे कदम से अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलेगी. फिलहाल छोटू सिंह पर दोनों मोर्चों से कार्रवाई हो चुकी है, जिससे पार्टी के अंदर सख्ती का नया दौर शुरू होता दिख रहा है.

## संक्षिप्त खबर

### अगस्त से गंगा में दौड़ेगी वाटर मेट्रो, पटना को मिलेगा नये सफर का अनुभव, रूट से लेकर किराए तक सबकुछ



**पटनाः** पटना के लोगों को नई सौगात मिलने जा रही है. अगस्त महीने से गंगा नदी में वाटर मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है. बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की देखरेख में शुरू होने वाली इस सेवा से लोगों को सड़क जाम से राहत मिलने की उम्मीद है. साथ ही गंगा की सैर का एक नया और खास अनुभव भी मिलेगा.वाटर मेट्रो का पहला रूट दीघा घाट से कंगन घाट के बीच होगा. करीब 15 किलोमीटर लंबे इस रूट पर आधुनिक सुविधाओं से लैस मेट्रो बोट का संचालन किया जाएगा. एक बार में करीब 100 पर्यटक इसमें सफर कर सकेंगे.यात्रियों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने गंगा किनारे चार प्रमुख जगहों पर आधुनिक फ्लोटिंग जेटी तैयार की हैं. इनमें दीघा घाट, गांधी घाट, गायघाट और कंगन घाट शामिल हैं. यात्री इन्हीं स्टेशनों से वाटर मेट्रो में चढ़ और उतर सकेंगे.इसके बाद दीघा और सोनपुर के बीच भी मेट्रो बोट चलाने की योजना है. इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ गंगा किनारे बसे इलाकों के बीच कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी.वाटर मेट्रो की टिकट बुकिंग के लिए जल्द ही मोबाइल ऐप और वेबसाइट पोर्टल लॉन्च किया जाएगा. इसके जरिए लोग घर बैठे ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे.जानकारी के मुताबिक, वाटर मेट्रो का किराया 50 से 100 रुपये के बीच रहने की संभावना है. यह सेवा सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी.वाटर मेट्रो को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया है. इसमें एयर कंडीशनिंग की सुविधा होगी. गांधी घाट पर मेट्रो बोट को तेजी से चार्ज करने के लिए सुपर चार्जर भी लगाया जाएगा. इससे महज 10 से 15 मिनट में बोट चार्ज हो सकेगी.सुरक्षा के लिए ऑटोमेटिक लोकेशन सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की सुविधा होगी. बोट की लगातार निगरानी रिमोट सिस्टम से की जाएगी. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 3 से 4 रेस्क्यू बोट भी तैनात रहेंगी.वाटर मेट्रो के संचालन को लेकर बिहार राज्य पर्यटन निगम और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से प्रक्रिया जारी है.पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जल्द ही पटना आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को गंगा में विश्वस्तरीय वाटर मेट्रो की सुविधा मिलेगी. इससे पटना के पर्यटन को नई पहचान मिलने की उम्मीद है.

### शर्लक होम्स' दादाः पोती के आंसू देख खुद बने 'जासूस',फिल्मी अंदाज में चोर को दबोचकर लाडली को दिया ये खास तोहफा



**मुजफ्फरपुर :** दादा-पोती का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल और पवित्र माना जाता है. जब बात पोती की खुशी की हो, तो एक दादा उसकी खातिर किसी भी हद तक जा सकता है. मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र के गोकुलनगर मझौलिया के रहने वाले बुजुर्ग जितेंद्र पांडेय ने इस बात को पूरी तरह सच कर दिखाया है. अपनी लाडली पोती की चोरी हुई साइकिल को ढूंढने के लिए उन्होंने जो अदम्य हौसला और जासूसी जज्बा दिखाया, उसकी चर्चा आज पूरे शहर की जुबान पर है. पुलिस जिस मामले को मामूली समझकर फाइलों में दबा चुकी थी, उसे इस जांबाज बुजुर्ग ने अपनी सूझबूझ और दृढ़ संकल्प से मुकाम तक पहुंचा दिया. शनिवार को जब कोर्ट के आदेश पर सदर थाने में उन्हें वह साइकिल वापस मिली, तो उनके चेहरे पर पोती की मुस्कान वापस लौटने की खुशी साफ दिख रही थी. उन्होंने तुरंत सदर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी. लेकिन पुलिस ने इसे एक आम और मामूली केस समझा और जांच करना तो दूर, इस फाइल को पूरी तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया.पुलिस के सुस्त और उदासीन रवैये को देखकर जितेंद्र पांडेय ने हार नहीं मानी. उन्होंने खुद ही अपने स्तर पर अनुसंधान यानी जांच की कमान संभाल ली. उन्होंने घर और आसपास के पूरे इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू किए. घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार उन्हें एक फुटेज में एक शातिर चोर उनकी पोती की साइकिल को चुपके से ले जाते हुए साफ दिख गया. यहां से उन्हें चोर का हुलिया मिल गया.लगातार कई दिनों तक शहर की खाक छानने के बाद, करीब 15 दिन पहले भगवानपुर चौक के पास एक साइकिल मरम्मत की दुकान पर उन्हें एक शख्स हूबहू वही साइकिल बनवाते दिखा. जितेंद्र पांडेय ने तुरंत साइकिल पहचान ली और बहादुरी दिखाते हुए चोर को मौके पर ही दबोच लिया. इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. चोर पकड़े जाने के बाद भी दादा की चुनौती खत्म नहीं हुई थी. कानूनन साइकिल वापस पाने के लिए उन्होंने लगातार 15 दिनों तक कोर्ट के चक्कर काटे और आखिरकार शनिवार को अदालत से साइकिल रिलीज कराने का आदेश हासिल कर अपनी जीत पूरी की.

### बिहार में महिला सिपाही को अगवा कर दुष्कर्म, बहन के साथ भी मारपीट

**वैशालीः** बिहार के वैशाली से कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाली सनसनीखेज खबर सामने आई है. अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए पुलिस महकमे की ही एक महिला होमगार्ड जवान को अपना निशाना बनाया. शुक्रवार रात बेलवर हाट से अपनी बहन के साथ घर लौट रही महिला सिपाही को बीच रास्ते से सरेआम अगवा कर लिया और उसके साथ गलत किया.पीड़िता की मां के अनुसार गांव के दबंग सुबोध पासवान ने अपने साथियों की मदद से दोनों बहनों का रास्ता रोक लिया और दोनों को जबरन खींचकर अपने घर ले गया. रातभर बंधक बनाए रखा. महिला जवान और उसकी छोटी बहन के साथ बेरहमी से मारपीट की गई. परिजनों के अनुसार महिला सिपाही के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया गया है. लड़कियों के गायब होने पर जब परिजनों ने खोजबीन की तो ग्रामीणों के जरिए सुबोध के घर का पता चला. इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गयी. जानकारी मिलते ही सब-इंस्पेक्टर अजय कुमार दल-बल के साथ वहां पहुंचे. पुलिस ने बहनों को छुड़ाने की कोशिश की, तो आरोपी और उसके पड़ोसियों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया.गरौल थानाध्क्ष सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पीड़ित बहनें आरोपी के घर में बेहोशी की हालत में मिली थीं. पुलिस ने उन्हें तुरंत पास के अस्पताल भर्ती कराया. शुरूआती इलाज के बाद डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देखते हुए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया, जहां अभी इलाज चल रहा है.पुलिस पर हुए हमले की अफरा-तफरी का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी सुबोध पासवान मौके से भाग निकला. पुलिस की कई टीमें अब उसकी धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं. मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# बिहार के इन 6 जिलों में 44 भूखंडों पर होगा पत्थर खनन, ई-नीलामी के जरिए होगी बंदोबस्ती, सम्राट सरकार ने दी मंजूरी



**एजेंसी**

**बिहारः** बिहार में पत्थर खनन को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है. सम्राट चौधरी सरकार ने राज्य के छह जिलों में 44 भूखंडों पर पत्थर खनन की मंजूरी दे दी है. इससे राज्य में पत्थर की उपलब्धता बढ़ेगी और निर्माण कार्यों की लागत कम होने की उम्मीद है.मंजूरी मिलने वाले जिलों में नवादा, शेखपुरा, गया, रोहतास, औरंगाबाद और बांका शामिल हैं. इनमें सबसे ज्यादा 17 भूखंड नवादा जिले में हैं. वहीं शेखपुरा में 10, गया में 9, रोहतास में 4, औरंगाबाद में 3 और बांका में 1 भूखंड पर खनन होगा.

**पर्यावरण विभाग से मिली हरी झंडी**

जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) की रिपोर्ट के आधार पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और कला संस्कृति एवं पर्यटन विभाग ने इन भूखंडों पर खनन के लिए अनापत्ति दे दी है. इसके बाद खान एवं भूतत्व विभाग ने खनन पट्टों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

**ई-नीलामी से होगी खदानों की बंदोबस्ती**

सरकार ने खनन पट्टों की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल रखने का फैसला किया है. सभी भूखंडों की बंदोबस्ती केंद्र सरकार की एजेंसी MSTC के पोर्टल पर ई-नीलामी के जरिए की जाएगी. इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और योग्य कंपनियां इसमें हिस्सा ले सकेंगी. सरकार को खनन से बेहतर राजस्व मिलने की भी उम्मीद है.

**पत्थर की कीमतों में आ सकती है कमी**

खान एवं भूतत्व विभाग के अनुसार, राज्य में पत्थर उत्पादन बढ़ने से बाहर के राज्यों से पत्थर मंगाने की जरूरत कम होगी.अभी दूसरे राज्यों से आने वाले पत्थरों पर परिवहन खर्च और अन्य शुल्क लगता है. स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ने से लोगों को सस्ते पत्थर मिल सकते हैं. साथ ही सरकारी निर्माण योजनाओं की लागत भी कम हो सकती है.

**नवादा के 8 खनन पट्टों की निकली निविदा**

विभाग के मुताबिक, नवादा के आठ खनन पट्टों के लिए निविदा जारी कर दी गई है. बाकी भूखंडों की निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी. फिलहाल राज्य में सिर्फ शेखपुरा और नवादा में दो पत्थर खदानें सक्रिय हैं.

# बिहार में डबल मर्डरः आर्मी जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या



**एजेंसी**

**वैशालीः** बिहार के वैशाली में डबल मर्डर की घटना सामने आई है. एक आर्मी जवान और उनके पिता की गोली मारकर हत्या की गई है. यह सनसनीखेज घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासो (राजसन) गांव में रविवार की सुबह की है. रास्ते के विवाद में इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया है.

**छुट्टी पर आए थे आर्मी जवानः** मृतकों की पहचान मूनारिक राय और उनके पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है. जितेंद्र कुमार आर्मी के जवान थे और जोधपुर में तैनात थे. जितेंद्र कुमार कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे. इसी दौरान पारिवारिक विवाद में गोलीबारी कर दोनों पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई.

**कहासुनी के बाद चली गोलीः** जानकारी के अनुसार मुनारिक राय का अपने पटीदार से विवाद चल रहा था. रविवार सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई. इसी दौरान मुनारिक राय के भतीजे ने अंधाधुंध गोली चला दी, जिससे दोनों को गोली लग गई.

**प्रशासनिक कार्रवाई और सुरक्षाः** इस घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है. स्थानीय प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय है और ग्रामीणों से संयम बरतने की अपील की गई है.

**पुलिस टीम की जांचः** घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है. घटनास्थल पर हाजीपुर सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार और वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं. आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है.

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठनः** पुलिस ने इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है. अधिकारियों ने पीड़ित परिजनों से बातचीत कर घटना के क्रम को समझने का प्रयास किया है. मुख्य आरोपी और उसके सहयोगियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है.

# मुजफ्फरपुर को 1047 करोड़ की सौगात, सीएम सम्राट चौधरी ने किया मरीन ड्राइव का उद्घाटन, शहर को मिलेंगी कई नई सुविधाएं



**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुजफ्फरपुर दौरे के दौरान जिले को विकास की कई सौगातें दीं. उन्होंने सिकंदरपुर लेक फ्रंट पहुंचकर मरीन ड्राइव का उद्घाटन किया. मरीन ड्राइव शुरू होने से शहर की खूबसूरती बढ़ने के साथ लोगों को एक नया पर्यटन स्थल भी मिलेगा. मुख्यमंत्री ने लेक फ्रंट का निरीक्षण कर वहां विकसित की गई सुविधाओं का जायजा भी लिया.

**982 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**

मुजफ्फरपुर के टक्ळ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग और बुडको की 1047 करोड़ रुपये की 982 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.इन योजनाओं में सड़क निर्माण, नाला व्यवस्था, पार्क, जल निकासी, शहरी सुविधाएं और सौंदर्यीकरण से जुड़े काम शामिल हैं. सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद मुजफ्फरपुर समेत कई शहरों की तस्वीर बदलेगी.

**जीविका दीदियों के स्टॉल का किया निरीक्षण**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया. उन्होंने महिलाओं से बातचीत कर उनके काम और अनुभवों की जानकारी ली.वहीं, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं. कई महिलाओं ने सरकार की योजनाओं की सराहना की. साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और अपराध पर सख्त कार्रवाई की मांग भी रखी.

**मुजफ्फरपुर में बनेगा नया टाउनशिप**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि शहरों का विकास बिहार की समृद्धि के लिए जरूरी है. उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर में तिरहुत के नाम से नया टाउनशिप विकसित किया जाएगा.उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 12 नए टाउनशिप बसाने की योजना पर काम चल रहा है. पुराने शहरों को व्यवस्थित करने में समय लगता है, लेकिन सरकार लगातार बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटी है.

**1.70 करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली का दावा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा रही है. उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 70 लाख परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना लागू की जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र परिवार तक सुविधा पहुंचाना है.

**मुजफ्फरपुर से जुड़ेगा नया एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल से पटना की दूरी घटेगी**

सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मुजफ्फरपुर के पास से नया एक्सप्रेस-वे गुजरेगा. इसके अलावा रैपिड रेल परियोजना पूरी होने के बाद पटना से मुजफ्फरपुर का सफर करीब 40 मिनट में पूरा हो सकेगा. उन्होंने यह भी कहा कि मुजफ्फरपुर में नए एयरपोर्ट का शिलान्यास जल्द किया जाएगा.

**अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्त संदेश**

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर भी बयान दिया. उन्होंने कहा कि अपराधियों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. अपराधी या तो जेल जाएंगे या बिहार छोड़ना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और साइबर अपराध के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है.सीएम ने कहा कि मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार के विकास का केंद्र बनेगा और आने वाले समय में यहां तेजी से बदलाव देखने को मिलेगा.

# बिहार में पंचायत चुनाव के भावी प्रत्याशी की हत्या, अपराधियों ने सिर में मारी गोली




**एजेंसी**

**नालंदाः** बिहार के नालंदा में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर सोए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे गांव में सनसनी फैल गई. यह घटना देर रात की बताई जाती है. मृतक की पहचान छबिलापुर थाना क्षेत्र के केशरी बिगहा गांव निवासी साजो यादव के 45 वर्षीय पुत्र छोटे यादव के तौर पर की गई है.

**चुनावी और वर्चस्व की रंजिशः** घटना के संबंध में मृतक के भाई सुनील यादव ने बताया कि पूर्व की चुनावी रंजिश के कारण इनकी हत्या हुई है. आरोपी गांव का ही धीरज यादव है. धीरज यादव और मृतक के बीच पूर्व से ही वर्चस्व को लेकर विवाद चला आ रहा है. इसी रंजिश के कारण हत्या की यह वारदात हुई है.

**पंचायत चुनाव की तैयारीः** घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक छोटे यादव आगामी पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था. इसी को लेकर पहले से गांव के दो गुटों में वर्चस्व का विवाद था. इससे पहले 2018 में मृतक के भतीजे की भी इसी विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

**छानबीन में जुटी पुलिसः** राजगीर अनुमंडलीय डीएसपी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि 12 जुलाई की देर रात्रि बदमाशों ने घर में घुसकर सोए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया. पुलिस एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन के साथ जांच में जुटी है.

# अब नहीं रुकेगी 1600 सीरीज की कॉल! ट्राई ने जारी किए नए नियम

नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 1600 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी मोबाइल ऐप ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल सरकार एवं विनियमित संस्थाओं की तरफ से आम लोगों के साथ संवाद के लिए निर्धारित हैं।

- 140 नंबर श्रृंखला वाली काल को ब्लाक किया जा सकता है

इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर) के तहत 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं है।

## कोई भी मोबाइल ऐप इस सीरीज को ब्लाक नहीं कर सकता

**1600 सीरीज का उपयोग आरबीआई, सेबी, इरडा आदि करती है** : ट्राई के मुताबिक, 1600 नंबर श्रृंखला का उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) जैसे नियामकों के अधीन आने वाली बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों से सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए करती हैं।

**140 की सीरीज टेलीमार्केटिंग कंपनियां उपयोग करती है**

इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला का उपयोग पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रचार संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। इन कॉल को किसी ऐप के माध्यम से टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है।




*सरकारी संस्थाएं भी इसी सीरीज का उपयोग करती है: इसके अलावा, सरकारी संस्थाएं भी नागरिकों से संवाद के लिए इसी फोन नंबर श्रृंखला का इस्तेमाल करती हैं। उद्देश्य इन्हें नागरिकों के लिए अधिक विश्वसनीय बनाना है।*

**140 सीरीज में डीएनडी का पंजीकरण हो सकता है**
प्राधिकरण ने कहा, /"ट्राई डीएनडी ऐप सहित विभिन्न माध्यमों से 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण कराया जा सकता है। जहां तक 140 श्रृंखला की कॉल का सवाल है तो उसे टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे उन उपभोक्ताओं को भ्रम हो सकता है जिन्होंने किसी क्षेत्र से कॉल की अनुमति दी हुई है।

**प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या ब्लॉक कर सकते हैं** : नियामक के अनुसार, उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी पसंद दर्ज कर किसी एक या सभी क्षेत्रों से आने वाली प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने किसी क्षेत्र की कॉल ब्लॉक कर दी है, तो उसे उस क्षेत्र से 140 श्रृंखला की कोई भी कॉल नहीं आएगी।

### इस सीरीज की फर्जी कॉल में काफी वृद्धि हुई

ट्राई के इस स्पष्टीकरण का मतलब है कि उपभोक्ता 1600 और 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को 'स्पैम' या 'फ्रॉड' के रूप में चिह्नित नहीं कर पाएंगे। इस बीच, कॉलर की पहचान करने वाले ऐप 'ट्रूकॉलर' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि 140 और 1600 श्रृंखला से आने वाली फर्जी (स्पैम) कॉल में काफी वृद्धि हुई है।

### 5.1 करोड़ से अधिक कॉल लोग उठाते नहीं

इन दोनों श्रृंखलाओं से प्रतिदिन आने वाली 5.1 करोड़ से अधिक कॉल को लोग उठाते भी नहीं है। उन्होंने बताया कि 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को ब्लॉक करने की कार्रवाई में अक्टूबर 2025 से 208 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और पिछले आठ महीनों में इस श्रृंखला के खिलाफ 7.4 करोड़ से अधिक मैनुअल ब्लॉकिंग की गई है।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक के लाभ में 10 प्रतिशता का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 3,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेन्नई के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में 2,973 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### एचएफसीएल को डेटा सेंटर कंपनी से मिला निर्यात ठेका



**नई दिल्ली।** घरेलू दूरसंचार उपकरण विनिर्माता एचएफसीएल को एक अंतरराष्ट्रीय डेटा सेंटर कंपनी से ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित डेटा सेंटर संपर्क समाधान की आपूर्ति के लिए 495.80 करोड़ रुपये का निर्यात ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस ठेके को दिसंबर, 2026 तक पूरा किया जाना है।

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.33 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.33 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर होते डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ने का स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 27 प्रतिशत बढ़कर 2,020 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुणे स्थित बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में 1,593 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### आनंद राठी वेल्थ के लाभ में 24 फीसदी की बढ़त




**नई दिल्ली।** आनंद राठी वेल्थ का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 24 प्रतिशत बढ़कर 116 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की कुल प्रबंधीन अधीन परिसंपत्ति और ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि से उसके प्रदर्शन को मजबूती मिली है। 2025-26 की जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 93.8 करोड़ रुपये था। 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय 18 प्रतिशत बढ़कर 336.4 करोड़ रुपये हो गई।

## मंत्रालय ने एथेनॉल मिश्रित कार्यक्रम की आलोचनाओं का दिया जवाब

# ई20 से पांच प्रतिशत घट सकती है माइलेज लेकिन स्वच्छ दहन जैसे लाभ अधिक: मंत्रालय

नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल से कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है, लेकिन इसके बदले मिलने वाले ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतर इंजन प्रदर्शन जैसे लाभ कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

मंत्रालय के अनुसार, इसके अलावा ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉक क्षमता, तेज दहन, बेहतर पिकअप आदि जैसे लाभ भी इसमें शामिल हैं।एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम की आलोचनाओं का जवाब देने के लिए जारी प्रश्नोत्तर दस्तावेज में मंत्रालय ने कहा कि ई20, ई10 या शुद्ध पेट्रोल की तुलना में ''अधिक स्वच्छ, बेहतर गुणवत्ता वाला और अधिक दक्ष ईंधन है।'

### कलपुर्जों खराब होने की कोई शिकायत नहीं मिली

मंत्रालय ने कहा कि मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प सहित वाहन विनिर्माताओं से मिली प्रतिक्रिया के अनुसार, वास्तविक परिस्थितियों में उपयोग किए गए वाहनों में ई20 के कारण जंग लगने, असामान्य घिसाव या कलपुर्जों के जल्दी खराब होने की कोई शिकायत नहीं मिली है।




**जरूरी नहीं की पेट्रोल से ई20 सस्ता हो**

*कीमतों के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि ई20 जरूरी नहीं कि पारंपरिक पेट्रोल से सस्ता हो, क्योंकि किसानों को समर्थन देने के लिए एथनॉल की खरीद कीमत लाभकारी स्तर पर तय की जाती है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम होने पर यह पेट्रोल से भी महंगा पड़ सकता है।*

- कुछ वाहनों में ईंधन क्षमता तीन से पांच फीसदी तक घट सकती है
- पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ, गुणवत्ता वाला और दक्ष है
- मंत्रालय ने यह आशंका खारिज की कि कार्यक्रम जल्दबाजी में लागू किया गया

**पुराने वाहनों पर भी व्यापक परीक्षण**

*पुराने वाहनों को लेकर उठी चिंताओं पर मंत्रालय ने कहा कि ई20 को देशभर में लागू करने से पहले इंजन की टिकाऊ क्षमता, ईंधन प्रणाली, विभिन्न सामग्रियों के साथ अनुकूलता, जंग-रोधी क्षमता, वाहन संचालन और उत्सर्जन सहित अनेक पहलुओं पर व्यापक परीक्षण किए गए।*

***कई प्रकार के ईंधन उपलब्ध कराने की मांग की खारिज*** : *मंत्रालय ने पेट्रोल पंप पर शुद्ध पेट्रोल, ई10 और ई20 जैसे कई प्रकार के ईंधन उपलब्ध कराने की मांग को भी खारिज करते हुए कहा कि पूरे देश में समानांतर आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने से लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ेगी और एक लाख से अधिक खुदरा ईंधन केंद्रों पर वितरण व्यवस्था जटिल हो जाएगी।*

**1.97 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत**

मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेट्रोल पंपों पर कीमतें घटाना नहीं बल्कि आयातित कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता कम करना, कीमतों में स्थिरता लाना और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। मंत्रालय के अनुसार, 2014-15 के एथनॉल आपूर्ति वर्ष से अब तक एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम के कारण 1.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

**कच्चे तेल की आवश्यकता 316 लाख टन कम हुई**

कच्चे तेल के आयात की आवश्यकता लगभग 316 लाख टन कम हुई है, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन करीब 952 लाख टन घटा और किसानों को 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से ई20 को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी से प्रभावित नहीं होने की अपील की।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 828 अंक उछला

मुंबई



- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को मिली मजबूती
- रिलायंस, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी में रही खरीदारी

प्रमुख कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद आईटी शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 827.57 अंक उछलकर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 900.41 अंक चढ़कर 77,642.23 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 244.10 अंक की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुए। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का शेयर करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। दूसरी तरफ, इटर्नल (जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली), भारती एयरटेल, सन फार्मा और ट्रेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**क्रूड गिरकर 76 डॉलर पर**

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सकारात्मक रुख तिमाही नतीजों के सत्र की स्थिर शुरुआत से प्रेरित रहा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी और रुपये में स्थिरता ने भी निवेशकों के भरोसे को समर्थन दिया।/"वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 76.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**टीसीएस के नतीजों से धारणा बदली**

ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, /"टीसीएस के उम्मीद से बेहतर नतीजों ने आईटी क्षेत्र को लेकर धारणा बदलने का काम किया है। बैंक, रियल्टी, धातु, तेल एवं गैस और रक्षा शेयरों में लिवाली से तेजी को समर्थन मिला।/"

## एनसीडीईएक्स ने काली मिर्च वायदा कारोबार फिर किया शुरू

मुंबई

जिंस बाजार एनसीडीईएक्स ने काली मिर्च (ब्लैक पेपर) के वायदा कारोबार को फिर शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य भारत को इस मसाले के वैश्विक मूल्य निर्धारण का प्रमुख केंद्र बनाना है। एनसीडीईएक्स ने कहा कि एक दशक से अधिक समय बाद काली मिर्च वायदा अनुबंध की वापसी से इस जिंस के लिए भारत में फिर से पारदर्शी मूल्य निर्धारण व्यवस्था उपलब्ध होगी। भारत दुनिया के सबसे बड़े काली मिर्च उत्पादकों, उपभोक्ताओं और प्रसंस्करण केंद्रों में शामिल है, लेकिन वर्तमान में इस जिंस के लिए दुनिया में कोई सक्रिय वायदा मानक उपलब्ध नहीं है। एनसीडीईएक्स ने बताया कि इस वायदा अनुबंध का डिलीवरी केंद्र केरल का कोच्चि होगा, जो देश में मसालों के प्रमुख व्यापार एवं प्रसंस्करण केंद्रों में शामिल है।



- भारत को मसाले के वैश्विक मूल्य निर्धारण का प्रमुख केंद्र बनाना
- एक दशक से अधिक समय के बाद काली मिर्च का अनुबंध शुरू

नई व्यवस्था के तहत कारोबार की एक इकाई एक टन (1,000 किलोग्राम) होगी।

एनसीडीईएक्स ने कहा कि पहले जब काली मिर्च वायदा अनुबंध का कारोबार होता था, तब किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और प्रसंस्करण इकाइयों की इसमें अच्छी भागीदारी रहती थी। अनुबंध की समाप्ति पर डिलीवरी का अनुपात लगभग 100 प्रतिशत रहता था।

**भारत की स्थिति मजबूत होगी**

सीईओ ने कहा कि मजबूत डेरिवेटिव बाजार से किसानों, प्रसंस्करण इकाइयों, निर्यातकों और व्यापारियों को कीमतों में उतार-चढ़ाव के जोखिम का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी और वैश्विक मसाला कारोबार में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश जून में 26% बढ़ा

नई दिल्ली




शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में जून के दौरान शुद्ध निवेश 26 प्रतिशत बढ़कर 28,973 करोड़ रुपये रहा।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, बॉन्ड आधारित योजनाओं से 1.09 लाख करोड़ रुपये की निकासी के कारण जून में म्यूचुअल फंड उद्योग से कुल 52,949 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज की गई। यह मई में हुई 64,131 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी से कम रही। इस बीच, म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) जून के अंत में बढ़कर 82.22 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो मई के अंत में 81.60 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के अनुसार, जून में इक्विटी योजनाओं में 28,973 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जबकि मई में यह 22,908 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल में 38,440 करोड़ रुपये, मार्च में 40,450 करोड़ रुपये, फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये और जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया था।

- जून के दौरान शुद्ध निवेश 28,973 करोड़ रुपए रहा
- बांड आधारित योजनाओं से 1.09 लाख करोड़ रुपए की निकासी हुई

***लार्जकैप फंड में 2,067 करोड़ का निवेश आया***

*वहीं, 'लार्जकैप फंड' में 2,067 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। वहीं, डिविडेंड वाला फंड और इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) से जून के दौरान शुद्ध निकासी दर्ज की गई। इसके अलावा, जून में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 3,443 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जबकि मई में इस श्रेणी से 725 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी।*

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

## सोने में 400 रुपए की तेजी, चांदी 5,000 रुपए मजबूत

नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमत में 5,000 रुपये का उछाल आया।

तेजी का कारण कारोबारियों के नीचे मूल्य पर लिवाली और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी रुख के बाद कीमती धातुओं की मांग में आई तेजी थी। इससे पहले के सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी लगातार तीन सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला तोड़ा और बृहस्पतिवार के 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,000 रुपये बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई।यह सुधार डॉलर सूचकांक के लगातार तीसरे सत्र में कमजोर होने की वजह से आई, जिससे कीमती धातुओं की मांग बढ़ी। साथ ही, इस हफ्ते की शुरुआत में सोने की कीमत एक हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने कम कीमतों का फायदा उठाते हुए लिवाली की।

- सोने की कीमत बढ़कर 1,48,500 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी बढ़कर हुई 2,37,000 रुपए प्रति किलोग्राम

## नवीन जिंदल समूह झारखंड में 70 हजार करोड़ करेगा निवेश



**नई दिल्ली।** उद्योगपति नवीन जिंदल ने झारखंड में इस्पात, परमाणु ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 70,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की शुक्रवार को घोषणा की। जिंदल ने वीडियो संदेश में कहा कि इस संबंध में समूह ने झारखंड सरकार के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

मुझे यह घोषणा करते हुए काफी खुशी हो रही है कि नवीन जिंदल समूह ने राज्य में इस्पात, परमाणु ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित निवेश में इस्पात क्षेत्र में 40,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

## कंगाल होने की कगार पर आई क्रिप्टो कंपनी अमेरिकन बिटकॉइन कार्प

# ट्रंप को बर्बाद कर गया बेटा, जिद ने डुबोए 5700 करोड़ रुपए

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप की क्रिप्टोकरेंसी कंपनी अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प इस समय गहरे संकट में है। बिटकॉइन के मंदी के दौर में जाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ने के कारण निवेशकों ने उन कंपनियों को प्राथमिकता दी जो अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को एआई डेटा सेंटरों में बदल सकती थीं।

- कंपनी के शेयरों में 95 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

इसके विपरीत, अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प अपनी पुरानी क्रिप्टो रणनीति पर ही टिकी रही। इसके परिणामस्वरूप कंपनी के शेयरों में उसके उच्चतम स्तर से 95 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पिछले 10 महीनों में एरिक ट्रंप की हिस्सेदारी के बाजार मूल्य में 600 मिलियन डॉलर (करीब 5700 करोड़ रुपए) से अधिक की कमी आई है।

**एआई में क्यों नहीं उतर पाई कंपनी?**

असल में कंपनी के पास सिर्फ बिटकॉइन माइनिंग मशीनें और बिटकॉइन हैं। जबकि बिजली, जमीन, डेटा सेंटर और दूसरी बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं उसकी साझेदार कंपनी हट 8 के पास हैं। हट 8 ने अपनी रणनीति बदलते हुए एआई डेटा सेंटर के कारोबार पर बड़ा दांव लगाया और उसके शेयर इस साल दोगुने से ज्यादा चढ़ गए। लेकिन अमेरिकी बिटकॉइन के पास ऐसा करने की ज्यादा गुंजाइश नहीं थी।



**क्या है बिटकॉइन की स्थिति?**

*पिछले काफी समय से बिटकॉइन में गिरावट ज्यादा और बढ़त कम देखने को मिल रही है। हाल में इसकी कीमत 60 हजार डॉलर से नीचे आ गई थी। फिलहाल यह करीब 64 हजार डॉलर पर कारोबार कर रहा है। पिछले एक साल में बिटकॉइन में 40 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है।*

**रिवर्स स्टॉक स्प्लिट का लेना पड़ा सहारा**

नैस्डैक पर अपनी लिस्टिंग बनाए रखने के लिए कंपनी को 1 के मुकाबले 15 रिवर्स स्टॉक स्प्लिट का सहारा लेना पड़ा है और बुधवार को इसके शेयर की कीमत सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। जहां अन्य अमेरिकी माइनिंग कंपनियों (जैसे रिओट प्लेटफॉर्म, चिफर डिजिटल) ने एआई के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को लीज पर देकर इस साल अपने शेयरों में औसतन 60 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की, वहीं अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प के शेयर 77 प्रतिशत तक गिर गए।

**निवेशकों से भरोसा बनाए रखने की अपील**

कंपनी के अधिकारियों और एरिक ट्रंप का मानना है कि क्रिप्टोकरेंसी अंततः सबसे अधिक रिटर्न देगी और मंदी के समय इसे जमा करना फायदेमंद होगा। हाल ही में एक पॉडकास्ट में एरिक ट्रंप ने कहा कि कंपनी की अपनी होल्डिंग्स को बेचने की कोई योजना नहीं है।

## पॉलिसीबाजार ने अमिताभ को ब्रांड एंबेसडर बनाया



**नई दिल्ली।** बीमा मंच 'पॉलिसीबाजार' ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने स्वास्थ्य और 'टर्म' बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान की शुरुआत की है। पॉलिसीबाजार ने एक बयान में कहा कि बीमा नियामक भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के वर्ष 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य के अनुरूप यह जागरूकता अभियान देश के हर हिस्से में रहने वाले परिवारों को वित्तीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# मेरिनो ने फिर पलटी बाजी, सेमीफाइनल में स्पेन



## करीबी मुकाबले में बेल्जियम को 2-1 से हराया

मिकेल मेरिनो ने लगातार दूसरे मैच में कमाल दिखाया और मैदान पर उतरने के बाद अपने दूसरे मिनट में ही निर्णायक गोल दागा, जिससे स्पेन ने बेल्जियम को करीबी मुकाबले में 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



'मैंने लगातार दूसरे मैच में ऐसा किया, इसलिए लगता है कि संयोग जैसी कोई चीज होती है। अगर आप तैयार हैं और कोशिश करते हैं तो कोई भी ऐसा कर सकता है। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया।' मेरिनो ने अपने पहले विश्व कप में दो गोल किए हैं और ये दोनों ही ऐतिहासिक हैं।

– मिकेल मेरिनो
स्ट्राइकर, स्पेन

इंगलवुड

मेरिनो 86वें मिनट में मैदान पर आए और उन्होंने 88वें मिनट में बेल्जियम के बैकअप गोलकीपर सेने लैमेंस की गलती का फायदा उठाकर गोल कर दिया। उन्होंने बॉक्स में घुसकर तब गोल दागा जब लैमेंस पाउ कुबार्सी के लंबे शॉट पर रिबाउंड को नहीं रोक पाए थे। यह लगातार दूसरा मैच था जबकि मेरिनो ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरकर निर्णायक गोल किया। मेरिनो ने पिछले मैच में स्पेन की पुर्तगाल पर 1-0 की जीत में इंजरी टाइम के शुरुआती समय में सब्स्टीट्यूट के रूप में मैदान पर आने के चार मिनट बाद ही गोल कर दिया था। स्पेन सेमीफाइनल में टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार फ्रांस का सामना करेगा।

### टूर्नामेंट में पहली बार स्पेन ने खाया गोल

*स्पेन के लिए फैबियान रुइज ने 30वें मिनट में गोल किया। बेल्जियम के फॉरवर्ड चार्ल्स डी केटेलेरे ने 41वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। यह टूर्नामेंट में पहला अवसर है जबकि स्पेन ने गोल खाया। स्पेन मार्च 2023 से लगातार 37 मैचों में अजेय रहा है। वह 2010 में खिताब जीतने के बाद पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। बेल्जियम का सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 18 मैचों में अजेय रहने का सिलसिला समाप्त हो गया।*

### गोलकीपर लैमेंस 71वें मिनट में उतरे मैदान पर

*गोलकीपर लैमेंस को 71वें मिनट में मैदान में उतरना पड़ा, क्योंकि बेल्जियम के लंबे समय से गोलकीपर रहे थिबाउट कर्टोइस जांघ में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। बेल्जियम ने अंतिम मिनटों में बराबरी का गोल करने के लिए जीजान से प्रयास किया, लेकिन आयमेरिक लापोर्टे ने सर्वश्रेष्ठ मौके पर शॉट बाहर मार दिया।*

### सेमीफाइनल में स्पेन और फ्रांस के बीच होगी भिड़ंत

स्पेन और फ्रांस के बीच मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंग्टन में रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इस साल के विश्व कप में दोनों में से कोई भी टीम हारी नहीं है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, ' यह दो दिग्गज टीम के बीच मुकाबला होगा लेकिन हम मैच जीतने में सक्षम हैं। उनकी टीम लाजवाब है लेकिन मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है।'

### फाइनल पिच के टुकड़ों को बेचेगा फीफा

ईस्ट रदरफोर्ड। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा विश्व कप में कमाई करने का कोई मौका नहीं गंवा रही है और अब उसने उस पिच के टुकड़ों को बेचने का फैसला भी किया है, जहां इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। फीफा पहले ही विश्व कप के टिकट और अन्य चीजों को ऊंची कीमतों पर बेचने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है और अब वह न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल में इस्तेमाल होने वाली पिच के प्रत्येक टुकड़े को 450 डॉलर (लगभग 43000 रुपए) की दर से बेच रहा है। फीफा के स्टोर के अनुसार प्रत्येक टुकड़े का आकार 17.5 गुणा 17.5 गुणा 17.5 है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह आंकड़ा इंच, सेंटीमीटर या मिलीमीटर में है। फुटबॉल के शासी निकाय ने यह जानने के लिए भेजे गए ईमेल का तुरंत जवाब नहीं दिया। फीफा की वेबसाइट पर लिखा गया है, ''फुटबॉल इतिहास के एक प्रामाणिक हिस्से को अपने पास संजोकर रखें, जो फीफा विश्व कप 2026 के (फाइनल की) पिच का एक टुकड़ा है।'

### अमेरिका, मैक्सिको बाहर गिरी टिकटों की कीमत

ईस्ट रदरफोर्ड। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा विश्व कप में कमाई करने का कोई मौका नहीं गंवा रही है और अब उसने उस पिच के टुकड़ों को बेचने का फैसला भी किया है, जहां इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। फीफा पहले ही विश्व कप के टिकट और अन्य चीजों को ऊंची कीमतों पर बेचने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है और अब वह न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल में इस्तेमाल होने वाली पिच के प्रत्येक टुकड़े को 450 डॉलर (लगभग 43000 रुपए) की दर से बेच रहा है। फीफा के स्टोर के अनुसार प्रत्येक टुकड़े का आकार 17.5 गुणा 17.5 गुणा 17.5 है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह आंकड़ा इंच, सेंटीमीटर या मिलीमीटर में है। फुटबॉल के शासी निकाय ने यह जानने के लिए भेजे गए ईमेल का तुरंत जवाब नहीं दिया। फीफा की वेबसाइट पर लिखा गया है, ''फुटबॉल इतिहास के एक प्रामाणिक हिस्से को अपने पास संजोकर रखें, जो फीफा विश्व कप 2026 के (फाइनल की) पिच का एक टुकड़ा है।'

## खबर संक्षेप



### एवियन चैंपियनशिपः अदिति ने कट में बनाई जगह

**एवियन-लेस-बैंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के कट में जगह बनाई। लेडीज यूरोपियन टूर में पांच बार की विजेता अदिति का 36 होल के बाद कुल स्कोर दो अंडर है और वह संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। अदिति अपना 38वां मेजर टूर्नामेंट खेल रही हैं, जो किसी भी भारतीय पुरुष या महिला गोल्फर के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में नौ बार में से पांचवीं बार कट में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने दूसरे दौर में चार बर्डी लगाई और इस बीच तीन बोगी भी की। इंग्लैंड की लॉटी वोड सात अंडर 64 का शानदार राउंड खेलकर आधे चरण के बाद 11 अंडर-पार के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं।

### गोलकीपर जीते 'गोल्डन बॉल' : सुब्रत पॉल

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज गोलकीपर सुब्रत पॉल का मानना है कि अमेरिका में चल रहा फीफा विश्व कप लियोनेल मेस्सी, किलियन एमबाप्पे, एर्लिंग हालैंड और हैरी केन



जैसे स्ट्राइकर के लिए ही नहीं, बल्कि गोलकीपरों के असाधारण प्रदर्शन के लिए भी याद किया जाएगा। भारत की तरफ से 84 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पॉल का मानना है कि फीफा विश्व कप के अंतिम चरण तक पहुंचने वाली टीमों की सफलता का श्रेय काफी हद तक उनके गोलकीपरों को जाता है। उन्होंने कहा, 'यह विश्व कप पूरी तरह से गोलकीपरों का है। मुझे लगता है कि गोलकीपर मैच जीतने, क्लीन शीट (मैच में एक भी गोल नहीं खाना) हासिल करने और स्कोर बराबर रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## तीरंदाजी : महिला टीम ने जीती चांदी

मैड्रिड

भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रिथिका प्रदीप और चिकिथा तनीपार्थी की तिकड़ी ने विश्व कप के चौथे चरण की महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा के फाइनल में मजबूत कोलंबिया से 228-232 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस रजत पदक के साथ भारत ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में अपना खाता खोला। भारतीय दल को दिन में बाद में होने वाले मुकाबलों में पदकों की संख्या बढ़ाने की उम्मीद है। किशोर तीरंदाज प्रिथिका ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी जगह बना ली है और अब उन्हें दोहरा पदक जीतने के लिए केवल एक और जीत की जरूरत है।

### प्रिथिका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



### रिकर्व वर्ग में दो पदकों की दौड़ में भारत

भारत रिकर्व वर्ग में भी दो पदकों की दौड़ में बना हुआ है। एक अन्य किशोर तीरंदाज कीर्ति शर्मा भी दोहरा पदक जीतने की उम्मीद लगाए हुए हैं। कीर्ति शर्मा रिकर्व मिश्रित टीम के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के नंबर एक तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा के साथ उतरेंगी। साथ ही कीर्ति महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं तो एक और जीत से उनका एक और पदक सुनिश्चित हो जाएगा। महिला कंपाउंड टीम रैंकिंग में दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय टीम ने अप्रैल में मैक्सिको के पुएब्ला में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि इस बार वह दुनिया की 14वें नंबर की कोलंबिया के सामने कोई खास चुनौती पेश नहीं कर सकी। कोलंबियाई टीम ने शानदार वापसी करते हुए पूरे दबदबे के साथ खिताब अपने नाम किया। सत्रह वर्षीय प्रिथिका ने छह बार 10 अंक का निशाना लगाया। हालांकि टीम की सबसे बड़ी निराशा अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम का खराब प्रदर्शन से हुई, जिन्होंने अपने आठ तीरों में केवल तीन बार 10 अंक हासिल किए।

## अनिमेष की 100 मीटर दौड़ में नई उपलब्धि, हासिल किया दूसरा स्थान

वेटजलर

राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुके फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने विदेशी धरती पर किसी भारतीय का 100 मीटर दौड़ में अब तक का सबसे तेज समय निकालकर 'वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता फास्ट आर्म्स फास्ट लेग्स मीट' में दूसरा स्थान हासिल किया।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 10.14 सेकंड के अपने



व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फिनिश लाइन पार की। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग में 10.19 सेकंड का समय निकाला था। फाइनल में निकाला गया उनका समय किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज समय है।

गुरिंदरवीर सिंह ने मई में रांची में फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अनिमेष मुख्य रूप से 200 मीटर दौड़ में भाग लेते हैं और वह इस स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। वह ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार भाग लेंगे।

## शॉटगन विश्व कप : नीरु ने बनाया 'परफेक्ट' स्कोर, बनाई बढ़त

### पुरुष ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

लोनाटो

भारत की नीरु ढांडा ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप की महिला ट्रैप प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए क्वालीफाइंग के पहले तीन राउंड के बाद 'परफेक्ट' स्कोर हासिल कर बढ़त बना ली है।

मौजूदा एशियाई और राष्ट्रीय चैंपियन 26 वर्षीय नीरु ने लगातार तीन राउंड में 25-25 का 'परफेक्ट' स्कोर बनाकर 75 अंक हासिल किए। अपने इस शानदार प्रदर्शन से वह 106 निशानेबाजों के बीच शीर्ष पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपनी करीबी प्रतिद्वंदी अमेरिका की राहेल



टोज़ियर और स्लोवाकिया की जुज़ाना रेहाक स्टेफेसेकोवा पर दो अंक की बढ़त हासिल कर रखी है।

### पदक की दौड़ से बाहर पुरुष ट्रैप निशानेबाज

भारत के पुरुष ट्रैप निशानेबाजों के लिए पहला दिन निराशाजनक रहा और वे पदक की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल अहवर रिजवी ने 75 में से 70 अंक हासिल किए और वह लगभग दो दर्जन निशानेबाजों के साथ 59वें स्थान पर हैं। शपथ भारद्वाज 68 का स्कोर बनाकर 103वें स्थान पर, जबकि अनुभवी काइनन चेनाई 67 का स्कोर बनाकर 208 निशानेबाजों में 19 अन्य खिलाड़ियों के साथ 117वें स्थान पर हैं।

## इनियन ने जीता छठा ला प्लाग्ने ओपन

**ला प्लाग्ने।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियन ने आयोजित छठे ला प्लाग्ने ओपन अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग में अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। तेईस साल के इनियन ने 9 दौर में 7.5 अंक हासिल कर खिताब जीता।

भारतीय खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में भी एक भी बाजी नहीं गंवाई। उन्होंने छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले, जिससे वह स्पष्ट बढ़त के साथ चैंपियन बने। टूर्नामेंट में 20 देशों के 142 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 13 ग्रैंडमास्टर और 22 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे। पहले दौर में वॉकओवर मिलने और दूसरे दौर का मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद इनियन ने लगातार दो जीत दर्ज कर लय हासिल की। पांचवें दौर में एक और ड्रॉ के बाद उन्होंने लगातार तीन मुकाबले जीतकर खिताब लगभग सुनिश्चित कर लिया।

## विंबलडन देखने पहुंचे शुभमन, अल्काराज के खेल में ढूंढी बल्लेबाजी की झलक



लंदन

टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि उन्हें टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज के खेल में अपनी बल्लेबाजी की झलक दिखाई देती है और उन्होंने स्पेनिश खिलाड़ी के 'ड्रॉप शॉट' की तुलना अपने खास 'शॉर्ट-आर्म' शॉट से की।

गिल विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले देखने पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर मौजूद रहे। उन्होंने महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की प्रशंसा की। उन्होंने खेल के उन दिग्गजों के नाम बताए, जिन्हें वह अपने 'ड्रीम डिनर' में आमंत्रित करना चाहेंगे। आधुनिक टेनिस में अल्काराज का ड्रॉप शॉट सबसे प्रभावी रणनीतिक हथियारों में से एक माना जाता है जबकि गिल शॉर्ट-पिच गेंदों पर अक्सर 'शॉर्ट-आर्म' (पूरी बाजू के बजाय कोहनी को थोड़ा मोड़कर खेलना) शॉट खेलते हैं।

### फेडरर को बताया अपना पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी

गिल ने कहा, 'मैं विंबलडन जीतने के लिए सिनर का समर्थन कर रहा हूं। वह शानदार खिलाड़ी हैं और कोर्ट के अंदर और बाहर खुद को बेहतरीन तरीके से पेश करते हैं।'

### 'ड्रीम डिनर' मेहमानों के बारे में की चर्चा

गिल ने कहा, 'अल्काराज का ड्रॉप शॉट मुझे क्रिकेट के 'शॉर्ट-आर्म जैब' की याद दिलाता है। मैं भी यह शॉट खेलता हूं और यह मेरा खास शॉट है। यह धोखा देने वाला और बेहद प्रभावी है।'उन्होंने अपने 'ड्रीम डिनर' मेहमानों के बारे में सेरेना विलियम्स, फेडरर, क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'सेरेना विलियम्स, रोजर फेडरर और फिर क्रिकेटरों में सर विवियन रिचर्ड्स और सचिन सर। ये चार दिग्गज हैं, जिनके साथ मैं बैठकर डिनर करना चाहूंगा।'

## डायमंड लीगः उपलब्धि हासिल करने वाले बने पहले भारतीय एथलीट

# सर्वेश का धमाकेदार डेब्यू, ऊंची कूद में बनाया रिकॉर्ड

मोनाको

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने मोनाको में डायमंड लीग में अपने पदार्पण पर ही तीसरा स्थान हासिल करके ऊंची कूद में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रचा और खुद को विशिष्ट क्लब में शामिल कर दिया।

वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस प्रतियोगिता में 2.26 मीटर की कूद लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। वह पिछले महीने भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में 2.31 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के महज दो सप्ताह बाद इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे।




### शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले चौथे भारतीय बने कुशारे

कुशारे भाला फेंक के सुपरस्टार नीरज चोपड़ा (2022 से 13 बार), लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर (2023 में एक बार) और चक्का फेंक के पूर्व एथलीट विकास गौड़ा (2015 में दो बार) के बाद डायमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। कुशारे ने तीसरे स्थान पर रहकर कतर के तीन बार के विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मुताज एस्सा बरशिम और अमेरिका के 2023 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जुवॉन हैरिसन जैसे स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा।

### डोरोशचुक ने जीता खिताब

बरशिम 2.20 मीटर के प्रयास के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। यूक्रेन के विश्व इंडोर चैंपियन ओलेह डोरोशचुक ने 2.32 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीता, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के जैक किमानी 2.30 मीटर की कूद के साथ दूसरे स्थान पर रहे। किमानी तीन प्रयासों में भी 2.32 मीटर की कूद नहीं लगा सके, जबकि डोरोशचुक ने इसे अपने पहले ही प्रयास में हासिल कर दिखाया। किमानी भाग्यशाली रहे क्योंकि वह अपने तीसरे प्रयास में ही 2.16 मीटर की ऊंचाई को पार कर सके थे, जबकि कुशारे ने इसे आसानी से पार कर लिया।

# अमेरिका ने 140 सैन्य ठिकाने किए तबाह, तो ईरान ने यूएस जहाजों को बनाया निशाना

एजेंसी

**अमेरिका :** अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर पहुँच गया है, जहाँ अमेरिकी सेना ने ईरान के 140 ठिकानों को नष्ट कर दिया है, वहीं ईरान ने जवाबी कार्रवाई में ओमान, कतर और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा युद्ध अब लगातार गंभीर होता जा रहा है। होर्मुज स्टेट में ईरान की सेना आईआरजीसी ने जब व्यापारिक जहाजों और कंटेनरों पर हमला किया, तो जवाब में अमेरिका ने भी जोरदार हमला बोल दिया। अमेरिका ने ईरान पर तीसरे दौर की बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। दूसरी ओर, ईरान ने भी घुटने टेकने से इनकार कर दिया है और वह लगातार अमेरिकी हमलों का जवाब दे रहा है। ईरान ने ओमान, कतर, कुवैत और बहरीन जैसे खाड़ी देशों में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को अपना निशाना बनाया है।



**खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल अटैक**

दक्षिण ईरान पर अमेरिका की ओर से लगातार की जा रही बमबारी के जवाब में ईरानी सेना ने कई देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। ईरान ने कुवैत में अमेरिका की पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, एक गोला-बारूद डिपो और एक मिलिट्री रडार साइट पर ड्रोन से हमले किए। इसके अलावा, बहरीन में मौजूद अमेरिकी सेना के संचार केंद्र और रडार साइट को भी ड्रोन हमलों की दूसरी लहर में निशाना बनाया गया। कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उसके देश में कई बैलिस्टिक मिसाइलें आकर गिरी हैं, जिससे जुड़ा एयर डिफेंस का एक वीडियो भी सामने आया है।

**अमेरिका ने ईरान के 140 ठिकानों को तबाह किया**

दूसरी तरफ, अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ अपने तीसरे दौर के हमलों को पूरा कर लिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 11 जुलाई को इस कार्रवाई की जानकारी दी। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक व्यापारिक जहाज पर हुए हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। अमेरिकी सेना ने जमीन और समुद्र से उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमानों, ड्रोनों और नौसैनिक जहाजों की मदद से सटीक निशाना लगाते हुए ईरान के करीब 140 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इन हमलों में ईरान के मिसाइल और ड्रोन केंद्र, नौसैनिक क्षमताएं, हथियार डिपो, संचार नेटवर्क और तटीय निगरानी चौकियों को निशाना बनाया गया।

**व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी मुस्तैदी**

कमांडर इन चीफ के आदेश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस हफ्ते तीन रातों तक चले हमलों के दौरान ईरान के 300 से ज्यादा ठिकानों पर बमबारी की है। इस कार्रवाई का मकसद ईरान की उस ताकत को कमजोर करना है, जिससे वह आम नागरिकों और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाता है, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ते से जहाज बिना किसी डर के आ-जा सकें। अमेरिकी सेना के मुताबिक, मई की शुरुआत से अब तक उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से 800 से ज्यादा व्यापारिक जहाजों और 4 करोड़ बैरल कच्चे तेल को सुरक्षित निकालने में मदद की है।

# दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 3 शूटर गिरफ्तार, राजधानी दहलाने की थी साजिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है, जो टारगेट किलिंग की तैयारी कर रहे थे। ये शूटर विदेश में बैठे हैंडलरों से निर्देश ले रहे थे और कई आपराधिक मामलों में वांछित थे। बाहरी दिल्ली की रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों में से दो उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के और एक दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, ये तीनों शूटर दिल्ली में किसी बड़ी



वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे और किसी की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। इसी बीच रोहिणी जिला पुलिस को उनके आने-जाने की भनक लग गई और उन्हें पकड़ लिया गया।

**पुलिस को मिली थी गुप्त जानकारी**

पुलिस का कहना है कि उन्हें इन शूटरों की हरकतों के बारे में पहले ही खुफिया जानकारी मिल गई थी। सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ की टीम ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद लगातार निगरानी रखकर और तकनीकी जांच की मदद से तीनों को दबोच लिया गया।

**विदेशों में बैठे से मिल रहे थे निर्देश, कई मामलों में थे तलाश**

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि इन शूटरों को विदेशों में बैठे गैंग के नेटवर्क से निर्देश मिल रहे थे। विदेशी हैंडलर से जानकारी मिलने के बाद ही इन्हें दिल्ली में वारदात को अंजाम देना था। गिरफ्तार किए गए ये शूटर दिल्ली में पहले हुई कई आपराधिक घटनाओं में शामिल थे और पुलिस को काफी समय से इनकी तलाश थी। यह भी पता चला है कि ये बदमाश पहले भी हत्या और सरेआम गोलीबारी जैसी कई संगीन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# वियतनाम में नाव हादसा, सुरक्षित बचे लोगों ने सुनायी दर्दनाक आपबीती

एजेंसी

**अमरावती:** वियतनाम के फु क्वोक आइलैंड के पास एक स्पीडबोट दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों में मातम छा गया. इस हादसे में कई लोग आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के रहने वाले थे. हादस में बच निकले लोगों खौफनाक आपबीती सुनाई. कुछ लोगों ने इलाज में देरी और चालक की लापरवाही हादसे का कारण बताया.कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम की गेली जयलक्ष्मी (50) की एक एक्सीडेंट में मौत से उनके परिवारों में दुख का साया है. शहर के बिजनेसमैन गेली किशोर इस महीने की 8 तारीख को अपनी पत्नी के साथ वियतनाम के लिए निकले थे. रिश्तेदारों ने बताया कि नाव एक्सीडेंट में जयलक्ष्मी की मौत हो गई, जबकि किशोर का बेहोशी की हालत में इलाज चल रहा है. उनके दो बच्चे हैं, प्रियंका और आकाश. प्रियंका



शादीशुदा है और आकाश ने हाल ही में अपनी पढ़ाई पूरी की है.इसी हादसे में कडप्पा के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा सुरक्षित बच गया. कडप्पा के अरविंदनगर के मुडियम श्रीधर (50) और एनजीओ कॉलोनी के नईम वियतनाम गए थे. श्रीधर नाव के निचले डेक पर थे, जब पहली नाव पलट गई. बाहर नहीं निकल पाने के कारण उनकी पानी में मौत हो गई. नईम किनारे पर रहने के कारण बच गये. श्रीधर ने 2005 में धनलक्ष्मी से शादी की थी. उनके दो बच्चे हैं, सत्य कौशिक और किरणमयी. दोनों बी.टेक की पढ़ाई कर रहे हैं.श्री सत्य साईं जिले के हिंदूपुरम के नल्लापेट रवि तेजा की नाव हादसे में मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. रवि तेजा शहर के एक कपल आदिशेषैया और संध्या रानी का इकलौता बेटा था. आदिशेषैया की काफी समय पहले बीमारी से मौत हो गई थी. अब रवि तेजा की मौत से परिवार ने एक बड़ा भाई खो दिया है. मृतक के परिवार में उनकी पत्नी वेदश्री और बेटियां श्लोका और सहस्त्रा हैं.

वियतनाम की घटना हमारी आंखों के सामने हुई.. मैं संभल नहीं पाया गोल्ला सैनवीन ने कहा, 'हम हैरान थे क्योंकि यह हादसा हमारी आंखों के ठीक सामने हुआ.' प्रकाशम जिले के कंदुकुरु के रहने वाले सैनवीन भी वियतनाम घूमने गए थे. उन्होंने एक मीडिया को फोन पर हादसे के बाद की कहानी बताई. नवीन ने बताया, 'हम साउथ से 110 लोगों के साथ घूमने गए थे. हम शनिवार सुबह आइलैंड पर पहुंचे.हम 2 घंटे बाद लौटे. तमिलनाडु के ज्यादातर लोग पहली बोट में सवार हुए. आंध्र और तेलंगाना राज्यों के लोगों को दूसरी बोट में सवार होना था. पहली बोट दो से तीन मिनट में पलट गई. दूसरी बोट को 3 घंटे तक आइलैंड के पास जाने की इजाजत नहीं थी. बाद में सरकारी बोट आई और हमें बाहर निकाला.'

**समय पर इलाज न मिलने से जान चली गई.. वियतनाम हादसे के चश्मदीदों ने बताया**

हालांकि बचाव दल डूब रहे लोगों को बचाने में कामयाब रहे, लेकिन उन्होंने दुख जताया कि उन्हें मेडिकल इलाज देने में देरी हुई, और डॉक्टर पीड़ितों के अस्पताल में भर्ती होने के काफी देर बाद तक नहीं पहुंचे. वे अपने साथियों को जो तब तक मजे कर रहे थे, अपनी आंखों के सामने पानी में डूबते और चीखते हुए देखकर भावुक हो गए. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के कुछ और लोग हादसे में शामिल नाव के पीछे तीन दूसरी नावों पर सवार हुए. चश्मदीदों ने 'ईनाडु-ईटीवी भारत' से बात की.

**चश्मदीद ने कहा नाव चालक की लापरवाही से हुआ हासदा**

ताडेपल्लीगुडेम के चश्मदीद श्रीनिवास राव ने कहा,' शनिवार सुबह 10.30 बजे, कुल 108 लोग 4 नावों में सवार होकर फु क्वोक आइलैंड गए थे. हर नाव में 32 लोग थे. वापसी के दौरान, ऊंची लहरों और तेज हवाओं की वजह से एक नाव डगमगा गई और बाद में असंतुलित होकर पलट गई. नाव में सवार सभी लोग हमारी आंखों के सामने डूब गए. बचाव दल कुल 32 लोगों को बचाने में कामयाब रहा. यह हादसा नाव चालक की लापरवाही की वजह से हुआ.'

घायलों की स्थिति अज्ञात है विजयवाड़ा के रहने वाले महिपाल ने कहा, 'हमें होटल छोड़ने की अनुमति नहीं है. मछलीपट्टनम के किशोर और कुछ अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं और उनका इलाज चल रहा है. हमें उन्हें देखने के लिए अस्पताल नहीं भेजा जा रहा है. उनकी स्थिति अज्ञात है. हम इस सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं कि हमारे कई साथी वितरकों की जान चली गयी है.

# संक्षिप्त खबर

## वियतनाम नाव हादसा, विजय ने तमिलनाडु के 10 पीड़ित परिवारों की मदद के लिए निर्देश दिए



**चेन्नई:** वियतनाम में नाव हादसे में मारे गए 10 तमिल लोगों के नाम और पते समेत डिटेल्स जारी कर दी गई है. भारतीय दूतावास ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि कल शाम (11 जुलाई) वियतनाम में फु क्वोक आइलैंड के पास हुए बोट एक्सीडेंट में तमिलनाडु के 10 लोगों समेत 15 भारतीयों की मौत हो गई.ये लोग टूरिस्ट ट्रिप पर थे. यह हादसा हान माई रोड न्गोई इलाके से करीब 400 मीटर दूर हुआ, जिसमें 32 टूरिस्ट और 4 क्रू मेंबर सवार थे. वियतनाम के प्राइम मिनिस्टर ने पीड़ित परिवारों के लिए तुरंत राहत पहुंचाने और एक्सीडेंट के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं.इस बीच केंद्र और तमिलनाडु सरकार ने पीड़ितों के परिवारों को जानकारी और जरूरी मदद देने के लिए कदम उठाए हैं. इसके अलावा वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में इंडियन कॉन्सुलेट में एक कंट्रोल रूम और हनोई में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है. हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं.मुख्यमंत्री विजय ने वियतनाम में नाव हादसे में फंसे तमिलों को जरूरी मदद देने का आदेश दिया है. इसी सिलसिले में केंद्र सरकार ने अब हादसे में मारे गए तमिलनाडु के 10 लोगों के नाम, उम्र और जिलों की जानकारी ऑफिशियली जारी कर दी है.डिंडीगुल जिले के पलानी के रहने वाले मुरुगाप्रभु (42) और निर्मलकुमार, दोनों एक मशहूर सेलफोन कंपनी (लावा) के ऑफिशियल डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम कर रहे थे. सेलफोन कंपनी उन्हें उनके शानदार बिजनेस परफॉर्मेंस के लिए वियतनाम की ट्रिप पर ले गई थी. हादसे में मुरुगाप्रभु की मौत हो गई, जबकि निर्मलकुमार को सुरक्षित बचा लिया गया.विनय कुमार (47) कन्निका परमेश्वरी स्ट्रीट, सैदापेट, वेल्लोर जिले के रहने वाले हैं. वह वेल्लोर मेन बाजार में ज्वेलरी की दुकान चलाते थे और एक मशहूर मोबाइल फोन कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर भी थे. उनकी पत्नी जयंती और 13 साल की एक बेटी है. रामनाथपुरम के सांसद नवसकानी ने पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं जताईं. उस समय उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने मृतकों के शवों को जल्द वापस लाने की अपील की है. केंद्र सरकार को मृतकों के शवों को जल्द वापस लाने के लिए एम्बेसी के जरिए इंतजाम करना चाहिए.'बिजनेसमैन सेंथिलकुमार (उम्र 45) धर्मपुरी जिले के कडटूर इलाके के रहने वाले हैं. वह एक खास सेलफोन ब्रांड के डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करते थे. उनके पिता एक रिटायर्ड पुलिस अफसर हैं. सेलफोन की बिक्री में रिकॉर्ड बनाने के लिए कंपनी उन्हें टूर पर ले गई थी. टूर पूरा करने के बाद उन्हें 12 जुलाई को घर लौटना था. इस बीच शनिवार को जब उनका जन्मदिन था इतना बड़ा हादसा हो गया. इस घटना के उनके परिवार को तोड़ दिया.श्रीधर सलेम जिले के अझापुरम के रामकृष्ण सलाई के रहने वाले थे. श्रीधर के दो बच्चे हैं, कार्तिक और हरिनी. कार्तिक ऑस्ट्रेलिया में एक कंपनी में काम करते हैं और हरिनी स्कॉटलैंड में एक कंपनी में. कहा जाता है कि दोनों ने अभी तक शादी नहीं की है. लावा अपने सबसे अच्छे डिस्ट्रीब्यूटर्स को वियतनाम की एक मजेदार ट्रिप पर ले गया, वहीं सेलफोन कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्रीधर की भी नाव हादसे में मौत हो गई.

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और चत्तरगुल में फ्लैश फ्लड, होटलों और घरों में पानी भरा, कोई हताहत नहीं



**अनंतनाग:** जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार शाम मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन पहलगाम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई. बाढ़ का पानी कई होटलों और घरों में घुस गया. इससे कई गाड़ियां बह गईं और बाढ़ से घिरी जगहों से पर्यटकों को बचाना पड़ा. अधिकारियों ने बताया कि किसी की जान जाने की खबर नहीं है.शाम 6 बजे से 9:30 बजे के बीच अवूरा और देहवाथू के जंगली इलाकों में भारी बारिश (शायद किसी स्थानीय बादल फटने की घटना के कारण) के बाद बाढ़ आ गई. बटकूट में लिद्दर नाले में पानी मिलने से पहले, रात 8 बजे से 9 बजे के आसपास अवूरा धारा में पानी का बहाव अचानक बढ़ गया.अचानक आई बाढ़ का कीचड़ वाला पानी इलाके के कम से कम आधा दर्जन होटलों में घुस गया, जिससे होटलों में ठहरे मेहमान कुछ देर के लिए फंस गए. बाद में बचाव दलों और स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें सुरक्षित जगहों पर पहुँचाया. प्रभावित होटलों में 'द पहलगाम शोर', 'द पहलगाम डेज', 'द आइडिल' और 'द पहलगाम स्टैग' शामिल थे. होटलों के परिसर में पानी भर गया, कुछ जगहों पर बाउंड्री वॉल गिर गईं और कई इमारतों को नुकसान पहुँचा.बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में भी घुस गया, जिससे कई घरों और घर का सामान खराब हो गया. जब जमीनी मंजिल के कमरों में पानी भरने लगा, तो लोग अपनी कीमती चीजें ऊपरी मंज़िलों पर ले जाने के लिए तेजी से भागे. नाले के पास खड़ी कई कारें और मोटरसाइकिलें पानी के अचानक तेज बहाव में बह गई, जिससे बाढ़ से हुए नुकसान में और बढ़ोतरी हुई.अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद बचाव दल तैनात किए गए और प्रभावित होटलों में ठहरे सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. किसी के घायल होने या जान जाने की खबर नहीं है.भारी बारिश के बाद तीन घंटे के भीतर शेषनाग नाले और लिद्दर नाले, दोनों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ा. हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि दोनों जलधाराएं अपने-अपने खतरे के निशान से नीचे बहती रही और उन पर लगातार नजर रखी जा रही थी.जिला प्रशासन ने कहा कि सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि संवेदनशील जगहों पर बचाव और निगरानी टीमें तैनात की गई है ताकि स्थिति का जायजा लिया जा सके और किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके.अधिकारियों ने बताया कि होटलों, रिहायशी इमारतों और दूसरे बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है. प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि जब तक मौसम ठीक न हो जाए, वे नदियों, नालों और पानी के अन्य स्त्रोतों से दूर रहें.साथ ही, लोगों को सलाह दी गई है कि वे अरपत नाला, अवूरा नाले या पानी के अन्य खतरनाक रास्तों के पास न जाएं और सुरक्षा से जुड़ी सरकारी सलाहों का पालन करें. यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम में अमरनाथ यात्रा चल रही है. अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और मौसम के हालात के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# हिंदू कानून को सिर्फ मनुस्मृति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए : सॉलिसिटर जनरल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वर्तमान हिंदू कानूनों की मूल आधारशिला स्मृति की परंपरा से जुड़ी हुई हैं. यह प्राचीन विद्वानों द्वारा कानून, नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था पर लिखी गयी व्याख्याओं का संकलन हैं. हिंदू कानून को सिर्फ मनुस्मृति से जोड़कर देखना बड़ी गलतफहमी है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यहां एक कार्यक्रम में शनिवार को यह बात कही.प्राचीन ज्ञान और कानूनी मेधा विषयक संगोष्ठी में श्री मेहता ने कहा कि वेद व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण के साथ सामंजस्य बनाकर जीने के तरीके बताते हैं, वेद दुनिया के सर्वाधिक पुराने लिखित ज्ञान-स्त्रोतों में से एक हैं,सॉलिसिटर जनरल ने जोर देकर कहा, हिंदू कानून वास्तव में स्मृतियों से ही निकले हैं. उन्होंने मनु स्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, नारद स्मृति, पराशर स्मृति आदि स्मृतियों का जिक्र किया.यह सभी उन प्राचीन



विद्वानों की व्याख्याएं हैं, जिन्होंने कानून के क्षेत्र में विशेष अध्ययन किया था.तुषार मेहता के अनुसार कानून से संबंधित व्याख्याओं वाले हिंदू शास्त्रों की व्याख्या समय-परिस्थितियों के अनुसार नयी समझ के साथ की जा सकती है. उन्होंने इन अवधारणाओं को तैयार करने वाले विद्वानों की दूरदर्शिता की प्रशंसा की.सॉलिसिटर जनरल ने कहा, हिंदू कानून की दो प्रमुख परंपराएं मिताक्षरा और दायभाग 700 ईस्वी से पूर्व से प्रचलित हैं. मिताक्षरा परंपरा विज्ञानेश्वर द्वारा प्रतिपादित है जो यह याज्ञवल्क्य स्मृति पर आधारित है, जबकि दायभाग परंपरा का प्रभाव बंगाल और असम के क्षेत्रों में रहा. सॉलिसिटर जनरल ने मिताक्षरा को अपेक्षाकृत अधिक उदार और समय के साथ विकसित होने वाली व्यवस्था बताया,इसमें जन्म से ही पैतृक संपत्ति में सह-उत्तराधिकार का अधिकार मान्यता प्राप्त था. कहा कि हिंदू धार्मिक और कानूनी ग्रंथों की सबसे बड़ी विशेषता उनकी व्याख्या में लचीलापन है, जिसने समय के साथ कानूनों को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित होने का अवसर दिया.उन्होंने कहा कि निकट संबंधियों के बीच विवाह पर रोक जैसी व्यवस्थाएं प्राचीन ग्रंथों में निर्धारित थीं यह आज भी कानून के माध्यम से लागू हैं.अपनी बात रखते हुए श्री मेहता ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक ब्रिटिश काल के कानून देश में लागू रहे. 2023 में केंद्र की मोदी सरकार ने भारतीय न्याय संहिता लागू कर आपराधिक कानूनों को संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य की जरूरतों के अनुरूप नया स्वरूप प्रदान किया.

# राक्षसों का वध करने वाले राम मंदिर में चोरी करने वालों को देंगे सजा, बोले भगत सिंह कोश्यारी

एजेंसी

**नैनीताल:** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के साथ ही बदरी केदारनाथ में दान चोरी की खबरें इन दिनों सुर्खियों में हैं. इन मामलों को लेकर देशभर से तरह तरह की प्रतिक्रियाएं आ रहे हैं. अब इस मामले में भाजपा के दिग्गज नेता, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का बयान सामने आया है. भगत सिंह कोश्यारी ने कहा इस मामले में भगवान राम खुद न्याय करेंगे. उन्होंने कहा दोषियों को सजा जरूर मिलेगी.महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने अयोध्या के राम मंदिर में हुई चोरी की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग भी की. शनिवार को नैनीताल पहुंचे कोश्यारी ने कहा कि इस



तरह की घटनाएं आस्था पर चोट पहुंचाती हैं. दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो पूरे देश के लिए नजीर बने.भगत सिंह कोश्यारी ने कहा विश्व हिंदू परिषद सहित सभी राम भक्त चाहते हैं कि राम मंदिर ही नहीं, बल्कि देश के सभी धार्मिक स्थलों–मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों–की सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा धार्मिक स्थलों पर अपराध करने वालों को कठोर दंड दिया जाए.भगत सिंह कोश्यारी ने कहा, जब भगवान राम राक्षसों का संहार कर सकते हैं तो मुझे विश्वास है कि उनके मंदिर में चोरी करने वाले भी अपने कर्मों का दंड अवश्य पाएंगे.भगत सिंह कोश्यारी ने बदरीनाथ मंदिर में हुई कथित चोरी की घटना पर भी बयान दिया. भगत सिंह कोश्यारी ने कहा बदरीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में शामिल लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए.राज्य सरकार की कार्रवाई पर भरोसा जताते हुए कोश्यारी ने कहा कि जिस सरकार ने उत्तराखंड में यूसीसी और जनभावनाओं के अनुरूप सख्त भू-कानून लागू किया है, वही सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप चोरी के आरोपियों को भी कठोर सजा दिलाएगी.उन्होंने हाल ही में हरिद्वार में एक आईएएस अधिकारी के खिलाफ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्पष्ट संदेश है कि भ्रष्टाचार या अन्य गंभीर अपराधों में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. सरकार ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर रही है और आगे भी करती रहेगी.

# जंतर-मंतर पर सीजेपी का आंदोलन 23वें दिन जारी, आज सांस्कृतिक संध्या; 20 जुलाई को संसद मार्च की तैयारी तेज

एजेंसी

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का आंदोलन रविवार को 23वें दिन भी जारी है. परीक्षा प्रणाली में सुधार, पेपर लीक की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र और समर्थक लगातार धरने पर बैठे हुए हैं. आंदोलन के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का अनिश्चितकालीन अनशन भी 15वें दिन में प्रवेश कर गया है. इस बीच आज शाम जंतर-मंतर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा. इसमें कविता, संगीत और जनगीतों के माध्यम से आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त की जाएगी. इसके साथ ही 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं.आंदोलन के आयोजकों ने बताया कि रविवार शाम आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कई कलाकार, कवि और युवा शोधार्थी हिस्सा लेंगे. शाम पांच बजे कार्यक्रम में कवि



पराग पवन, कवयित्री कात्यायिनी एवं उनकी टीम, गायक जयंतो, पीएचडी स्कॉलर हिमांशु और कवि मृत्युंजय अपनी प्रस्तुतियां देंगे. आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की मांग को रचनात्मक तरीके से जनता तक पहुंचाने का प्रयास है. उन्होंने कहा कि साहित्य, कविता और संगीत हमेशा से सामाजिक आंदोलनों की आवाज रहे हैं. ऐसे में सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से छात्रों की पीड़ा, परीक्षा प्रणाली में सुधार की जरूरत और युवाओं की अपेक्षाओं को लोगों के सामने रखा जाएगा.कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने देशभर के अभिभावकों से 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च में शामिल होने की अपील की है. उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी एक संगठन या कुछ छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर उस परिवार का आंदोलन है जिसके बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य पेशेवर बनाने के लिए वर्षों तक मेहनत करते हैं. कई परिवार अपनी जीवनभर की बचत खर्च कर देते हैं और कुछ लोगों को बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक लेना पड़ता है.छात्र भी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं, लेकिन जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं तो उनकी मेहनत और अभिभावकों का त्याग बेकार हो जाता है. अभिजीत दीपके ने कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित बनाने में विफल रही है और इसी वजह से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित होता है. उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुधार जरूरी हैं.यह लड़ाई आपके बच्चों के भविष्य की है.

## गोरखपुर से सीएम योगी का बड़ा ऐलान, युपी में 35 करोड़ पौधों का मेगा प्लांटेशने ड्राइव शुरू

**उत्तर प्रदेश:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से 'महा वृक्षारोपण 2026' अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' पहल से जुड़े इस अभियान का उद्देश्य राज्य में हरित क्षेत्र को बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया है। इसके बाद वे गोरखपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री राज्य में 'महा वृक्षारोपण 2026' अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसके तहत पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है।गोरखपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत साल 2026 के इस बड़े पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के लॉन्च के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण और धरती के महत्व को समझाया। सीएम योगी ने कहा, ₹यह धरती मां के प्रति आभार जताने का एक बहुत बड़ा और शानदार प्रयास है।

## आईएमडी का अलर्ट, झारखंड सहित 18 राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूर्वानुमान पर नजर डालें तो आज सोमवार को उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के 18 राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गयी है. क्टऊ द्वारा भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है.इन राज्यों में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, असम-मेघालय, बिहार और पश्चिम बंगाल-सिक्किम आदि राज्य शामिल हैं. इन राज्यों में गरज-चमक, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना बन सकती हैं.बिहार, असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है.मौसम विभाग ने कहा है कि वर्तमान में मानसून ट्रफ बंगाल की खाड़ी से लेकर उत्तर भारत तक सक्रिय है. साथ ही पश्चिमी विक्षोभ सहित साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बने हुए हैं.इसका मतलब अगले 24 घंटे देश के बड़ा इलाका बारिश में डूब सकता है. वज्रपात, तेज हवाएं चलने की आशंका है.पूर्वोत्तर भारत इस समय मानसून का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है. असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में कई जगह मूसलाधार बारिश होने की संभावना है.आईएमडी ने खासतौर पर मेघालय और असम के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, सड़कें बंद होने और नदियों का जलस्तर बढ़ने की आशंका है.



## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style



# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।



## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

टीवी मसाला



## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है।

## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रतेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.